RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



पेज 7 किराए के घर पर हर रही हैं विद्या बालन

वर्ष : 26 अंक : 278 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 29 सितंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# त्योहार की सीजन में 'मेड इन इंडिया' पर जरूर फोकस करें : पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम को किया संबोधित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 'मन की बात' कार्यक्रम के 10 साल पूरे होने पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार। 'मन की बात' में एक बार फिर हमें जुड़ने का अवसर मिला है। आज का ये एपिसोड मुझे भावुक करने वाला है, मुझे बहुत सी पुरानी यादों से घेर रहा है। कारण ये है कि 'मन की बात' की हमारी इस यात्रा को 10 साल पूरे हो रहे हैं। 10 साल पहले 'मन की बात' का प्रारंभ 3 अक्तूबर को विजयादशमी के दिन हुआ था और ये कितना पवित्र संयोग है, कि इस साल 3 अक्तूबर को जब 'मन की बात' के 10 वर्ष पूरे होंगे, तब नवरात्रि का पहला दिन होगा।

उन्होंने कहा कि इस लंबी यात्रा के कई ऐसे पड़ाव हैं, जिन्हें मैं कभी भूल नहीं सकता। 'मन की बात' के करोड़ों श्रोता हमारी इस यात्रा के ऐसे साथी हैं, जिनका मुझे निरंतर सहयोग मिलता रहा। देश के कोने-कोने से उन्होनें जानकारियां उपलब्ध कराईं। 'मन की बात' के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं।




आमतौर पर एक धारणा ऐसी घर कर गई है कि जब तक चटपटी बातें न हो, नकारात्मक बातें न हो तब तक उसको ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती है।

पीएम मोदी ने कहा कि साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है। सकारात्मक बातें, प्रेरणा से भर देने वाले उदाहरण, हौसला देने वाली गाथाएं, लोगों को बहुत पसंद आती हैं। जैसे एक पक्षी होता है चकोर, जिसके बारे में कहा जाता है कि वो सिर्फ वर्षा की बूंद ही पीता है।

साथियों, त्योहारों के इस मौसम में आप फिर से अपना पुराना संकल्प जरूर दोहराइए। कुछ भी समान हो वह 'मेड इन इंडिया' ही होना चाहिए। कुछ भी गिफ्ट देंगे। सभी मेड इन इंडिया होने चाहिए। मन की बात से जुड़े अपने विचार और सुझाव हमें जरूर भेजिएगा। मुझे आपके पत्रों और संदेशों के प्रतीक्षा है। कुछ ही दिन बाद त्योहारों का सीजन शुरू होने है। त्योहारों का सीजन नवरात्र से शुरू होगा। मैं आने वाले त्योहारों की आप सबको बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आप सभी अपने परिवार और अपने प्रियजनों के साथ त्यौहार का खूब आनंद लें। दूसरों को भी अपने आनंद में शामिल करें। अगले महीने मन की बात में कुछ और नए विषय के साथ आपसे जुड़ेंगे।

### देश और समाज की सेवा करने का जज्बा अतुलनीय

उन्होंने कहा कि हमारे देश में कितने प्रतिभावान लोग हैं, उनमें देश और समाज की सेवा करने का कितना जज्बा है। वो लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर देते हैं। उनके बारे में जानकार मैं ऊर्जा से भर जाता हूं। मन की बात की ये पूरी प्रक्रिया मेरे लिए ऐसी है, जैसे मंदिर जा करके ईश्वर के दर्शन करना। मन की बात के हर बात को, हर घटना को, हर चिट्ठी को मैं याद करता हूं तो ऐसे लगता है मैं जनता जनार्दन जो मेरे लिए ईश्वर का रूप है, मैं उनका दर्शन कर रहा हूं।

### 19वीं सदी तक की कलाकृतियों को अमेरिका ने वापस किया

उन्होंने कहा कि चार हजार साल पुरानी कलाकृतियों से लेकर 19वीं सदी तक की कलाकृतियों को अमेरिका ने वापस किया है।इनमें फूलदान, देवी-देवताओं की टेराकोटा पट्टिकाएं, जैन तीर्थंकरों की प्रतिमाओं के अलावा भगवान बुद्ध और भगवान श्री कृष्ण की मूर्तियां भी शामिल हैं। लौटाई गईं चीजों में पशुओं की कई आकृतियां भी हैं। पुरुष और महिलाओं की आकृतियों वाली जम्मू-कश्मीर की टेराकोटा टाइल्स तो बेहद ही दिलचस्प हैं। इनमें कांसे से बनी भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमाएं भी हैं, जो दक्षिण भारत की हैं। वापस की गई चीजों में बड़ी संख्या में भगवान विष्णु की तस्वीरें भी हैं। ये मुख्य रूप से उत्तर और दक्षिण भारत से जुड़ी हैं। इनमें से बहुत सी कलाकृतियों को तस्करी और दूसरे अवैध तरीकों से देश के बाहर ले जाया गया था। यह गंभीर अपराध है, एक तरह से यह अपनी विरासत को खत्म करने जैसा है, लेकिन मुझे इस बात की बहुत खुशी है, कि पिछले एक दशक में ऐसी कई कलाकृतियां और हमारी बहुत सारी प्राचीन धरोहरों की घर वापसी हुई है।

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में किया 'स्मार्ट क्लास' का उद्घाटन

**गोरखपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में कहा कि उनकी सरकार हर बच्चे को उत्तम शिक्षा और हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए संकल्पित है। उन्होंने यह बातें गुरुकुल विद्यालय में नवनिर्मित कक्षाओं और स्मार्ट क्लास का उद्घाटन करते हुए कहीं। सीएम ने कहा, नई शिक्षा नीति के माध्यम से विकसित भारत की परिकल्पना को साकार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कोरोना महामारी के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने बताया कि उस समय शिक्षा व्यवस्था को भी ध्यान में रखा गया था, और नए शिक्षा नीति पर काम किया जा रहा था। सीएम ने मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान कुछ बच्चों से बातचीत की और उन्हें चॉकलेट और टाफियां भेंट की। बच्चों के प्रति उनके स्नेह ने सभी का मन मोह लिया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पेप्सिको की गीडा इकाई का उद्घाटन किया। यह इकाई वरुण बेवरेजेज की फ्रेंचाइजी द्वारा स्थापित की गई है, जिसमें 1,500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। इस परियोजना पर 1,170 करोड़ रुपये की लागत आई है। सीएम ने आठ अप्रैल, 2023 को भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया था, और अब एक साल के भीतर निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। गीडा के सेक्टर 27 में स्थित इस इकाई से कमर्शियल उत्पादन अप्रैल 2024 से प्रारंभ हो चुका है। आज के उद्घाटन समारोह के बाद, मुख्यमंत्री एक सभा को संबोधित करेंगे।

### यूपी में विकास की नई पहल

सीएम योगी के इस दौरे से स्पष्ट है कि उनकी सरकार विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए तत्पर है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में ये कदम प्रदेश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। योगी आदित्यनाथ का यह गोरखपुर दौरा न केवल स्थानीय विकास के लिए, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए एक सकारात्मक संकेत है। उनकी सरकार की योजनाएं और कार्यक्रम न केवल बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाने की दिशा में हैं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार की दिशा में भी क्रांतिकारी कदम उठा रहे हैं। यह उम्मीद की जाती है कि आने वाले दिनों में इन प्रयासों का प्रदेश के विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### श्रद्धांजलि समारोह में भी लेंगे भागीदारी

गोरखपुर दौरे के दौरान, मुख्यमंत्री गीता वाटिका में भाईजी हनुमान प्रसाद पोद्दार की 132वीं जयंती के अवसर पर आयोजित महोत्सव में भी शामिल होंगे। वे भाईजी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और श्रद्धार्चन सभा को भी संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम अपराह्न तीन बजे से प्रस्तावित है।

## भाकियू मंच करेगा 10 अक्टूबर से नोएडा प्राधिकरण पर बेमियादी आंदोलन : चौहान



**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन मंच ने अपने कार्यालय गांव गेझा तिलपताबाद, सेक्टर-93 पर शहीद भगत सिंह जयंती मनायी गयी और गांव गेझा तिलपताबाद के किसानों से संवाद किया। पंचायत की अध्यक्षता मूलचन्द शर्मा ने की ओर पंचायत का संचालन गौतम लोहिया ने किया।


भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने बताया कि प्राधिकरण अधिकारी किसानों के काम नहीं कर रहे हैं जो किसानों के मुद्दे पास होकर बोर्ड मीटिंग से सरकार के पास लखनऊ गए है वह पास हो कर नहीं आए हैं ना ही किसानों के 10 प्रतिशत व आबादी निस्तारण के लिए बनायी गयीद्य तीन सदस्य कमेटी का निर्णय भी नहीं आया है। इसलिए भारतीय किसान यूनियन मंच 10 अक्तूबर 2024 से नोएडा प्राधिकरण पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगी।

उन्होने बताया कि जगदीप पिलवान सिकंदराबाद को राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी, रविंद्र लोहिया ग्राम महासचिव गेझा, अंकित त्यागी ग्राम सचिव गेझा के पद पर नियुक्त किया।

इस अवसर परप्रमोद त्यागी,चरण सिंह चौहान,सुरेन्द्र प्रधान, गौतम लोहिया, सुरेश त्यागी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान, आशीष चौहान, रिंकू यादव, प्रिंस भाटी, मुनेश प्रधान, विमल त्यागी, दानिश सैफी जगबीर भाटी, उमंग शर्मा, अमित बैसोया, चीकू यादव, राजबीर चौहान, राहूल पवार, ऐके बैसोया , मनविंदर भाटी, अमित भाटी, गजेन्द्र बैसोया, सोनू लोहिया, नवल चौहान, पप्पू प्रधान, संजय अवाना, मांगे पाल, तेजवीर पाल,पवन अवाना, बंटी लोहिया, नेकपाल त्यागी, पाला प्रधान, ओमबीर अवाना, नीरज त्यागी, रघुनंदन त्यागी आदि सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

## गाजियाबाद में मतांतरण का बड़ा खेल

**गाजियाबाद।** सेवा नगर में मतांतरण के मामले में जांच के लिए गाजियाबाद पुलिस की एक टीम कानपुर भेजी गई है। पुलिस टीम पीपल क्राइस्ट इंडिपेंडेंट चर्चिस डाइओस इंटरनेशनल चर्च की जांच के लिए गई है।



इस चर्च के द्वारा ही मतांतरण के मुख्य आरोपित को सात साल पहले पादरी बनाया था। संस्था की जांच में कुछ अहम तथ्य पुलिस के हाथ लग सकते हैं। 23 सितंबर को सेवा नगर में मतांतरण कराने के मामले में नंदग्राम पुलिस ने इंग्राहम इंस्टिट्यूट में पीटीआइ जेराल्ड उर्फ गैराल्ड मैथ्यूज , राजनगर के आशीष मसीह, मोदीनगर के रोहन, दीपक मसीह और सेवा नगर के रवि को गिरफ्तार किया था।

यह गिरोह कम पढ़े-लिखे लोगों को आर्थिक लालच और बीमार लोगों का उपचार कराने का लालच देकर मतांतरण कराने का कार्य करता है। आरोपितों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उनको जेल भेज दिया गया है। गिरोह का सरगना जेराल्ड उर्फ गैराल्ड मैथ्यूज है।

सेवा नगर के बाद इसी गिरोह के चार सदस्यों मोदीनगर के आशु, पोलूस मसही, ओड़िशा के जिला गजापति के गांव सहरंगा के पास्टर रासी बलियार सिंह और बिहार के जिला रोहताश के ग्राम जमरोठ के छडडू कुमार शाह को शुक्रवार को मोदीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इसके बाद दोनों ही मामलों में जांच के लिए एसआइटी गठित की गई है। पुलिस जांच में पता चला है कि पीपल क्राइस्ट इंडिपेंडेंट चर्चिस डाइओस इंटरनेशनल चर्च के द्वारा गैराल्ड को 2017 में पादरी बनाया गया था। इसके बाद वह मतांतरण कराने का काम कर रहा था। उसके मोबाइल से लगभग 50 ऐसे लोगों की सूची मिली है। जिनका मतांतरण कराया गया और अब उनके जरिए दूसरों का मतांतरण कराया जा रहा था।

## आप के आरडब्ल्यूए विंग के ज़िलाध्यक्ष बने जसविंदर सिंह बेदी

**नोएडा (चेतना मंच)।** आम आदमी पार्टी, निरंतर पार्टी के विस्तार और संगठन को मजबूत करने के प्रयास में लगी हुई है। इसी क्रम में नोएडा के प्रतिष्ठित समाजसेवी जसविंदर सिंह बेदी को पार्टी के आरडब्ल्यूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) विंग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह घोषणा मेरठ के कमिश्नरी पार्क में चल रहे तीन दिवसीय अनशन के दौरान की गई, जहां पश्चिमी प्रांत अध्यक्ष सोमेंद्र ढाका ने, प्रांत प्रभारी सीएम चौहान और जिला अध्यक्ष राकेश अवाना की उपस्थिति में, उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी।

जिला अध्यक्ष राकेश अवाना ने बताया कि जसविंदर सिंह बेदी, गौतमबुद्धनगर में एक जाने-माने समाजसेवी हैं और वर्षों से नोएडा और गौतमबुद्धनगर के आरडब्ल्यूए से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आवाज उठाते रहे हैं। उनकी नियुक्ति से पार्टी को आरडब्ल्यूए से संबंधित मुद्दों पर बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा और जनता के हितों के लिए मजबूती से कार्य किया जा सकेगा।

जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने कहा कि जसविंदर सिंह बेदी का अनुभव और



जनसमर्थन पार्टी के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जसविंदर सिंह बेदी की अध्यक्षता में आरडब्ल्यूए विंग अपने उद्देश्यों को और भी प्रभावी ढंग से पूरा करेगा। आम आदमी पार्टी गौतमबुद्धनगर द्वारा यह कदम क्षेत्र में पार्टी की पकड़ को और मजबूत करने और स्थानीय समस्याओं के समाधान की दिशा में एक अहम पहल के रूप में देखा जा रहा है।

इस मौके पर जिला महासचिव कैलाश शर्मा ,संगठन मंत्री प्रशांत रावत ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलदार अंसारी ,जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव, जिला सचिव विजय श्रीवास्तव ,जिला सचिव जयकिशन जयसवाल ,जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटी, जिला उपाध्यक्ष लक्की ठाकुर ,जिला कार्यकारिणी सदस्य सतीश गौतम, रहीस ठाकुर, लीलू, अजय भाटी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अग्रवाल मित्र मंडल ने वंतिका को दी जन्मदिन की बधाई



**नोएडा (चेतना मंच)।** शतरंज विश्व विजेता कुमारी वंतिका अग्रवाल के जन्मदिन पर अग्रवाल मित्र मंडलने उनके घर जाकर बधाई दी। मंडल के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, महासचिव मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पूनीत गर्ग, पूर्व अध्यक्ष बलराज गोयल, संजय गोयल, सुरेश गुप्ता तथा मीडिया प्रभारी एव भाजपा युवा मोर्चा नोएडा जिला महामंत्री तुषार गोयल ने शुभकामनाएं दी।

वंतिका अग्रवाल को जन्मदिन एवं स्वर्ण पदक जीतने की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाईके साथ सभी ने कहा कि वे इसी तरह आगे बढती रहे तथा परिवार एवम समाज का नाम रोशन करती रहें।

# बाइक सवार बदमाश ने पुलिस टीम पर चलाई गोली

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली, चोरी के 12 मोबाइल फोन, तमंचा, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद

**ग्रेटर नोएडा।** दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में रहने वाले लोगों के घरों में चोरी करने वाला एक शातिर बदमाश आज सुबह हुए एक मुठभेड़ के दौरान थाना फेस-2 पुलिस की गोली का शिकार हो गया। बदमाश के पैर में गोली लगी है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस रिकार्ड के अनुसार बदमाश शातिर किस्म का मोबाइल चोर है। यह घरों में रात के समय चोरी करने के लिए कुख्यात है। बदमाश के पास से चोरी के 12 मोबाइल फोन, तमंचा, कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस इसके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

बदमाश और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ के संबंध में जानकारी देते हुए डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि घायल बदमाश की पहचान सोनू पुत्र पप्पू के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि थाना फेस-2 नोएडा पुलिस आज सुबह को दादरी मेन रोड की तरफ चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही संदिग्ध मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति को रूकने का इशारा किया गया किन्तु वह नहीं रुका और मोटरसाइकिल को तेजी से चलाते हुए पुस्ता रोड की तरफ भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस द्वारा शक होने पर मोटरसाइकिल का पीछा किया गया तो मोटरसाइकिल सवार द्वारा आपने आपको घिरता हुआ देखकर मोटरसाइकिल से उतरकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा की गयी जबाबी कार्यवाही में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया।



डीसीपी ने बताया कि घायल बदमाश सोनू शातिर किस्म का मोबाइल चोर है, जो घूम-फिर कर एनसीआर क्षेत्र में रात में मकान के कमरे खुले देखकर कमरों, छत व अन्य जगह पर सोते हुए लोगों के मोबाइल फोन समेत कीमती सामान चोरी करता है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। बदमाश के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बदमाश के अन्य साथियों के बारे में जानकारी मिली है। उनकी तलाश की जा रही है।

## पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से शातिर वाहन चोर हुआ घायल

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बादलपुर पुलिस और बाइक सवार वाहन चोर के बीच देर रात को मुठभेड़ हो गई। एडिशनल डीसीपी नोएडा सेंट्रल हृदेश कठेरिया ने बताया कि बादलपुर गेट के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी। उसी समय एक संदिग्ध युवक स्प्लेंडर बाइक पर आता हुआ दिखाई दिया। जिसे रूकने के लिये इशारा किया गया। इस पर वह अपनी मोटरसाइकिल को मोड़कर पीछे की तरफ भागने लगा।



उन्होंने बताया कि शक होने पर थाना बादलपुर पुलिस ने बाइक सवार बदमाश का पीछा किया। बदमाश अपनी मोटरसाइकिल को लेकर बादलपुर अम्बेड़कर पार्क रोड की तरफ भागने लगा जहां कच्चे रास्ते पर उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गयी। बदमाश द्वारा स्वयं को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश की पहचान गुलजार उर्फ मामा पुत्र रमजान निवासी इस्लामनगर कस्बा व थाना खतौली जिला मुजफ्फरनगर उम्र 47 वर्ष के रूप में हुई है। उसके कब्जे से तमंचा कारतूस और फर्जी नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल बरामद हुई है. गुलजार उर्फ मामा शातिर किस्म बदमाश है। उन्होंने बताया कि पुलिस रिकार्ड के अनुसार यह बदमाश दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए कुख्यात है।उन्होंने बताया कि इस बदमाश के खिलाफ़ दिल्ली एनसीआर के विभिन्न थानों में 20 मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस इसके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

## मिलावटी दवाएं

प्रख्यात शायर गालिब के एक शेर का सारांश यह है कि आखिर इस देश को हुआ क्या है? क्या यहां जीना भी आसान नहीं? आम आदमी बीमार भी नहीं पड़ सकता, क्योंकि असली दवा ही मुहाल नहीं है। यह सारांश उन रपटों के संदर्भ में सटीक है, जो केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने तैयार की हैं। यह भारत सरकार का संगठन है, जो फार्मा उद्योग के उत्पादन, दवाओं, इंजेक्शन आदि की गुणवत्ता को नियंत्रित करता है। उसने दो रपटें सार्वजनिक की हैं। एक में 48 दवाओं का ब्यौरा है, जो मिलावटी पाई गई हैं। दूसरी रपट में 5 नकली दवाओं का खुलासा किया गया है। चौंकना स्वाभाविक है, क्योंकि इन रपटों में 'पेरासिटामॉल 500 एमजी' जैसी दवा भी है, जो आम आदमी बुखार और शरीर दर्द आदि के लिए, डॉक्टर की पर्ची के बिना ही, खरीदता और खाता रहता है। दवाएं नकली हों या मिलावटी, सभी बड़ी, नामी कंपनियों की बनाई हुई हैं। रक्तचाप के लिए हम अक्सर 'टेल्मा' दवा लेते हैं। उसकी कई किस्में हैं, लेकिन 'टेल्मा-एच' का नमूना नकली पाया गया है। इसका उत्पादन प्रख्यात फार्मा कंपनी 'ग्लेनमार्क' करती है। इसी तरह गैस, एसिडिटी की प्रचलित दवाई 'पैन-डी' भी नकली पाई गई है। अस्थमा, लिवर, एलर्जी, मधुमेह, कैल्शियम और दांत इंफेक्शन की एंटीबॉयोटिक्स दवाएं भी मिलावटी और नकली मिली हैं। आम बीमार आदमी असमंजस में है कि वह लगातार दवा खा रहा है, लेकिन ठीक नहीं हो पा रहा है, तो इसका कारण क्या है? कारण मिलावटी और नकली दवाएं ही है, लेकिन आम आदमी को क्या पता? अधिकांश डॉक्टर भी इस काले धंधे से अनभिज्ञ हैं। गंभीर और नाजुक तथ्य यह है कि 'पेरासिटामॉल' और 'हिंदुस्तान एंटीबॉयोटिक्स लिमिटेड' तो भारत सरकार की कंपनियां हैं। भारत का फार्मा उद्योग 6 लाख करोड़ रुपए से अधिक का है और हम 200 देशों को दवाइयां सप्लाई करते हैं। क्या ऐसी मिलावटी दवाएं ही निर्यात की जा रही हैं? यदि विदेश में भी इन दवाओं के नमूने फेल पाए गए, तो भारत के निर्यात-कारोबार की छवि और मात्रा का क्या होगा? यहां एक आलेख में ही सभी मिलावटी और नकली दवाओं के नाम देना संभव नहीं है। वे मीडिया में प्रकाशित किए गए हैं, लेकिन अधिकांश दागदार कंपनियां नामी हैं। ऐसा कई बार होता रहा है कि नकली बाजार में छापे के दौरान नकली दवाएं पकड़ी जाती रही हैं। उनमें कैंसर की बेशकीमती दवाएं और इंजेक्शन भी पकड़े गए हैं, लेकिन सरकार और राजनीतिक दल अक्सर खामोश रहे हैं। क्योंकि नामी फार्मा कंपनियों से भाजपा को 61 करोड़, कांग्रेस को 5 करोड़, सपा को 3 करोड़ और आम आदमी पार्टी को 1 करोड़ रुपए के चंदे 'चुनावी बॉन्ड' के जरिए मिले हैं। 'पैन-डी' ने भाजपा को 15 करोड़ रुपए का चंदा दिया है, जबकि तेलंगाना की पार्टी 'बीआरएस' को भी 20 करोड़ रुपए चंदा दिया गया है। प्रख्यात 'सन फार्मा कंपनी' ने भाजपा को 31.5 करोड़ रुपए चंदे में दिए हैं। सवाल है कि क्या चुनावी चंदे के बदले आम आदमी की सेहत से खिलवाड़ किया जा सकता है? नकली दवाओं के कारण अनेक मौतें भी हुई होंगी! फिलहाल उसका डाटा हमारे पास नहीं है। क्या कंपनियों के मोटे-मोटे मुनाफे ही कारोबार का एकमात्र लक्ष्य हैं, बेशक बीमार आदमी बीमार ही रहे या अकाल मौत के मुंह में चला जाए? मिलावटी या नकली नमूने पकड़े गए हैं, तो नामी कंपनियों के रटे-रटाए स्पष्टीकरण हैं कि ये उत्पादन हमारे नहीं हैं। ये नकली दवाएं हैं। 'सन' और 'टॉरेंट' कंपनियों के ऐसे स्पष्टीकरण सामने आए हैं। औषधि नियंत्रण संगठन उन स्पष्टीकरणों को स्वीकार भी कर लेगा, लेकिन किन नकली कंपनियों ने इन उत्पादों की नकल की है और बाजार में जहर बेच रहे हैं, इस पर नियंत्रण कौन लगाएगा? कौन सजा तय करेगा? अपने मुनाफे और अमीरी के लिए कुछ लोग यह जानलेवा खेल खेल रहे हैं। आखिर सरकारें क्या कर रही हैं? क्या 'काली भेड़ों' की खतरनाक सक्रियता को ही लोकतंत्र मान लिया जाए? देश के नागरिकों को यह मुद्दा बेहद गंभीरता से लेना चाहिए और 'नकली हत्यारों' के खिलाफ जन-सैलाब तैयार करने चाहिए। नेताओं का बहिष्कार करें, क्योंकि लोकतंत्र में दायित्व उन्हें सौंपे गए हैं कि वे कुछ भी गलत और जानलेवा न होने दें। दुखद यह है कि भारत की विदेशों में छवि प्रभावित हो रही है। यह बात कही जाने लगी थी कि भारत दवा निर्यात में एक सशक्त पक्ष के रूप में उभर रहा है, लेकिन बार-बार दवाओं के सैंपल फेल हो रहे हैं तो ऐसी दवाएं पैसे देकर कौन खरीदना चाहेगा। दवा क्षेत्र में भारत का निर्यात लक्ष्य प्रभावित हुआ है। इसके साथ ही जो छवि खराब हो रही है, उसे भविष्य में फिर से बना पाना भी कठिन चुनौती रहेगी।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि कि सतीजी ने अनेक शिव, ब्रह्मा और विष्णु देखे, जो एक से एक बढ़कर असीम प्रभाव वाले थे। ( उन्होंने देखा कि ) भाँति-भाँति के वेष धारण किए सभी देवता श्री रामचन्द्रजी की चरणवन्दना और सेवा कर रहे हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-सती बिधात्री इंदिरा देखीं अमित अनूप।**
**जेहिं जेहिं बेष अजादि सुर तेहि तेहि तन अनुरूप॥**

उन्होंने अनगिनत अनुपम सती, ब्रह्माणी और लक्ष्मी देखीं। जिस-जिस रूप में ब्रह्मा आदि देवता थे, उसी के अनुकूल रूप में (उनकी) ये सब (शक्तियाँ) भी थीं॥

**देखे जहँ जहँ रघुपति जेते। सक्तिन्ह सहित सकल सुर तेते॥**
**जीव चराचर जो संसारा। देखे सकल अनेक प्रकारा॥**

सतीजी ने जहाँ-जहाँ जितने रघुनाथजी देखे, शक्तियों सहित वहाँ उतने ही सारे देवताओं को भी देखा। संसार में जो चराचर जीव हैं, वे भी अनेक प्रकार के सब देखे॥

**पूजहिं प्रभुहि देव बहु बेषा। राम रूप दूसर नहिं देखा॥**
**अवलोके रघुपति बहुतेरे। सीता सहित न बेष घनेरे॥**

(उन्होंने देखा कि) अनेकों वेष धारण करके देवता प्रभु श्री रामचन्द्रजी की पूजा कर रहे हैं, परन्तु श्री रामचन्द्रजी का दूसरा रूप कहीं नहीं देखा। सीता सहित श्री रघुनाथजी बहुत से देखे, परन्तु उनके वेष अनेक नहीं थे॥

(क्रमशः..)

# अरविंद केजरीवाल के निशाने पर संघ क्यों?



दिल्ली के भूतपूर्व मुख्यमंत्री हो चुके अरविंद केजरीवाल के सवालों के घेरे में इन दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के ताजपोशी के अगले ही दिन 'जनता की अदालत' में पहुंचे केजरीवाल ने सीधे-सीधे संघ प्रमुख मोहन भागवत से पांच सवाल पूछ लिया। लोकतांत्रिक भारतीय समाज किसी से भी तार्किक सवाल पूछने की अनुमति देता ही है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या केजरीवाल के निशाने पर सचमुच मोहन भागवत ही हैं? इसका जवाब केजरीवाल के अतीत के ऐसे ही कुछ सवालों के जरिए तलाशा जा सकता है।

बीते लोकसभा चुनाव अभियान के बीच केजरीवाल ने कुछ ऐसा ही सवाल जनता के बीच उछाला था। तब उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी गृहमंत्री अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए अभियान चला रहे हैं। लगे हाथों उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर भी मोदी पर हमला बोला था। तब उन्होंने कहा था कि योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री नहीं बनाया जाएगा। साफ है कि केजरीवाल के निशाने पर मोदी हैं। लेकिन अतीत के जितने चुनावों में उन्होंने सीधे मोदी पर हमला बोला, उन चुनावों में केजरीवाल को फायदे की बजाय उलटा नुकसान ही हुआ। 2014 के आम चुनावों में वे सीधे ही वाराणसी के चुनावी मैदान में मोदी से दो-दो हाथ करने उतर गए थे। तब मीडिया के एक वर्ग और राजनीति के एक हिस्से ने उन्हें खूब तवज्जो दी थी। लेकिन मोदी के सामने वे कहीं ठहर नहीं पाए थे। अपवाद दिल्ली विधानसभा के अतीत के दोनों चुनाव रहे, जिसमें उन्होंने सीधे मोदी को निशाना बनाया और लोगों का रिकॉर्ड समर्थन हासिल करते रहे। चूंकि कुछ ही महीने बाद दिल्ली विधानसभा के चुनाव हैं। इस बीच केजरीवाल अपनी आधी कैबिनेट के साथ जेल यात्रा कर आए हैं। उनके मंत्री रहे सत्येंद्र जैन अब भी जेल में ही हैं। मनीष सिसोदिया 14 महीने के बाद जमानत पर जेल से बाहर हुए हैं। उनके तेज-तर्रार सांसद संजय सिंह भी जेल यात्रा कर चुके हैं। शराब नीति घोटाले में इतनी जेल यात्राओं के बाद केजरीवाल और उनकी पार्टी की वैसी छवि नहीं रही, जैसी 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में रही। दिल्ली का सार्वजनिक परिवहन हांफ रहा है। दिल्ली के लोग सार्वजनिक सहूलियतों के लिए तरस रहे हैं। एमसीडी में केजरीवाल के नारे के साथ दिल्ली नगर निगम पर आम आदमी पार्टी का कब्जा हो चुका है। लेकिन एमसीडी की कार्यप्रणाली में गुणवत्तापूर्वक बदलाव होता नजर नहीं आ रहा है। बारिश में तकरीबन पूरी दिल्ली तालाब बनी रही। राजधानी दिल्ली के लिए शर्म की ही बात कही जाएगी कि 48 लोग बारिश के पानी से तालाब बनी दिल्ली में डूबकर मर गए। इन घटनाओं के चलते केजरीवाल के पुराने जलवे की दीवार में दरार पड़ चुकी है। इसी दरार के साथ केजरीवाल को विधान सभा के चुनाव में उतरना है, इसलिए उन्होंने अपने आजमाए नुस्खे को एक बार फिर आजमाने का फैसला किया है। इसलिए मोदी पर वे हमलावर तो हैं, लेकिन सीधे हमले से बच रहे हैं। पहले योगी आदित्य और अब मोहन भागवत का बहाना, केजरीवाल की उसी रणनीति का हिस्सा है।

**बीते लोकसभा चुनाव अभियान के बीच केजरीवाल ने कुछ ऐसा ही सवाल जनता के बीच उछाला था। तब उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी गृहमंत्री अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए अभियान चला रहे हैं। लगे हाथों उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर भी मोदी पर हमला बोला था।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आमतौर पर ऐसे आरोपों और सवालों की ना तो सफाई देता है और नही जवाब। इसलिए उम्मीद कम ही है कि केजरीवाल के आरोपों और सवालों का मोहन भागवत या संघ का कोई अन्य जिम्मेदार पदाधिकारी जवाब देगा। संघ को ऐसी बातों को नजरंदाज करने का परीक्षित अभ्यास है। आशा की जाती है कि संघ केजरीवाल के किसी भी आरोप और सवाल का जवाब नहीं देगा।

केजरीवाल ने कहा है कि संघ का ही अंग भाजपा है। वह भाजपा विपक्षी दलों की सरकारों और नेताओं को साजिश के तहत जेल भेज रही है। केजरीवाल पूछ रहे हैं कि क्या मातृसंगठन होने के नाते बीजेपी के हर कामों में संघ की भी सहमति है। केजरीवाल ने संघ से यहां तक पूछा है कि क्या बेटा, मां से भी बड़ा हो गया है। केजरीवाल एक तरह से संघ और बीजेपी को एक-साथ जोड़कर बीजेपी को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि बीजेपी में संघ की विचारधारा में दीक्षित तमाम लोग तमाम स्तरों पर सक्रिय हैं। लेकिन संघ ने कभी नहीं स्वीकार किया है कि भाजपा उसका अंग है। संघ ने कभी भी इसे स्वीकार नहीं किया है कि बीजेपी उसका राजनीतिक अंग है। संघ उसे अपने आनुसंगिक संगठन के तौर पर भी स्वीकार नहीं करता। इसलिए यह तय है कि केजरीवाल के आरोप या सवाल का संघ कोई जवाब नहीं देने जा रहा। भरसक संघ की कोशिश होगी कि केजरीवाल के सवाल अनदेखे रह जाएं।

वैसे यह भी सच है कि संकेतों में संघ आम चुनाव नतीजों के बाद भाजपा को संदेश देता रहा है। संगठन को मजबूत बनाने और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की भावनाओं की कद्र करने को लेकर भी संघ बीजेपी को संकेतों में सुझाव दे चुका है। शायद एक यह भी वजह है कि केजरीवाल बीजेपी की बजाय संघ से ही सीधे सवाल पूछ रहे हैं? केजरीवाल को शायद लगता है कि संकेतों में ही सही, उनके प्रश्नों का जवाब संघ दे दे। केजरीवाल बेहद चतुर राजनेता हैं। उनके अगले कदम की थाह लगाना आसान नहीं है। लेकिन यह तय है कि अगर संघ ने कोई जवाब दिया तो उसे वह ले उड़ेंगे और बीजेपी को नीचा दिखाने के लिए उसकी अपने ढंग से व्याख्या जरूर करेंगे। अगर ऐसा हो गया तो तय मानिए, केजरीवाल अपनी अतीत की राजनीति के हिसाब से नया वितंडा खड़ा करेंगे और इसके बीच से नई चुनावी राह बनाने की कोशिश करेंगे।

केजरीवाल एक और काम इन दिनों कर रहे हैं। वे जनता से पूछ रहे हैं कि वे ईमानदार हैं कि नहीं। चारा घोटाले के आरोपी और बाद में सजायाफ्ता रहे लालू प्रसाद यादव ने कभी जनता से नहीं पूछा कि वे ईमानदार हैं या नहीं। अलबत्ता आरोपी होने और सजायाफ्ता होने के बावजूद उनका दल चुनाव जीतता रहा है। केजरीवाल को अगर इन सवालों के बावजूद जीत मिली तो वे खुद को ईमानदार घोषित करने में पीछे नहीं रहेंगे। हालांकि लालू यादव ने चुनाव जतने के बावजूद कभी ऐसा दावा नहीं किया। इन अर्थों में देखें तो लालू और केजरीवाल में समानता नहीं है। हां, संघ पर हमले के संदर्भ में देखें तो लालू और केजरीवाल की रवायत एक जैसी दिखती है।

केजरीवाल ने ऐसे ही हमले करते हुए अतीत में अपनी ताकत बढ़ाई है। पहले उन्होंने कांग्रेस और शीला दीक्षित पर हमला बोला। शुरूआती दौर में उनका आंदोलन भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ था। तब के सत्ताधारी गठबंधन का शायद ही कोई नेता होगा, जो तब केजरीवाल और उनकी टीम की नजर में भ्रष्टाचारी नहीं था। उनका नाम जपते-जपते केजरीवाल राजनीति के विशेष मुकाम तक पहुंच गए। लेकिन अब वे उन्हीं नेताओं के साथ मंच साझा करते हैं, उनके साथ चुनावी मैदान में उतरने की जोड़-जुगत भिड़ाते रहे हैं। चूंकि अभी बीजेपी उनकी दुश्मन नंबर एक पार्टी है, लिहाजा बीजेपी को छोड़ तमाम बड़ी पार्टियों के साथ वे गठबंधन की राह या तो तलाशते हैं या फिर किसी खास इलाके या राज्य में गठबंधन बना भी लेते हैं। हालांकि लोकसभा चुनावों में उन्हें कोई विशेष सफलता नहीं मिल पाई है। आज की राजनीति का आखिरी लक्ष्य सत्ता रह गई है। अगर सत्ता नहीं मिलती तो लंबी राजनीति के लिए राजनीतिक तौर पर जिंदा रहना जरूरी होता है। केजरीवाल को शायद लगता है कि मोहन भागवत और संघ का नाम उनकी सत्ता की राह बरकरार रखने में मददगार हो या नहीं, राजनीति में उन्हें प्रासंगिक बनाए रखने की जड़ी जरूर है।

**- उमेश चतुर्वेदी**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं )**

## व्यंग्य
## राजनीति और ज्योतिष

चुनाव हों तो ज्योतिष पर चर्चा और खर्चा बढ़ना लाजमी है। ज्योतिषी बड़ी समझदारी से गणना खंगालते हैं उसमें अनुभव, जान पहचान, विशवास और समकालीन माहौल का रसायन मिलाकर भविष्यवाणी करते हैं। जिन ज्योतिषियों का राजनेताओं से याराना होता है, वे घुमाफिरा कर या फिर सीधे सीधे उनके पक्ष में भविष्यवाणी करते हैं। ऐसे ज्योतिषी भी हैं जो डरते नहीं। उन्हें अपना काम सही तरीके से करना आता है। वे डंके की चोट पर भविष्य का हाल बताते हैं। उनकी ऐसी बातों से कुछ लोग डंकी जैसा महसूस करते हैं जी।

यह तो होता ही है कि सभी भविष्यवाणियां और सबकी भविष्यवाणियां सच नहीं होती। जब तक भविष्यवाणी सच न हो तब तक ज्योतिषी वीआईपी होता है। झूठ साबित हो जाए तो उसकी साख कुछ समय के लिए गिर जाती है। अगली भविष्यवाणी सच साबित होने तक थोडा व्यावसायिक नुकसान भी हो सकता है। कुछ भी कह लो जी, ज्योतिष, असुरक्षित, अविश्वसनीय, वर्तमान स्वार्थी वातावरण में चुनाव लड़ने वालों के लिए मनोवैज्ञानिक संबल का काम तो करता ही है। हवन, यज्ञ अनुष्ठान किया जाए तो बेचारा उत्साह बरकरार रहता है। उत्साह ज्यादा बढ़ जाए तो नुकसानदेह हो सकता है।

दिलचस्प यह है कि पूरी दुनिया इस समय भारत की दीवानी है। हम हर काम पहले कर चुके हैं जिसका नालायक दुनिया को बाद में पता चला। हमारे देश की तरह, चुनाव के दिनों में, विदेशों में



भी राजनीतिज्ञों के साथ साथ ज्योतिषी भी बहुत व्यस्त रहते हैं। अपने फार्मूले लगाकर, भविष्यवाणी करने से उनके व्यवसाय और चाहने वालों में बढ़ोत्तरी हो रही है। समझदार भविष्यवक्ता कह रहे हैं कि उन्होंने तो पिछले साल ही कह दिया था कि कमला के ग्रह बेहतर स्थिति में हैं। इन ज्योतिषियों के अनुयायी बढ़ गए है यानी उनका धंधा चमक रहा है। राज भी खुल रहे हैं कि पहले भी फलां फलां नेता सलाह ले चुके हैं। ज्योतिषीय सलाह लेने में हर्ज ही क्या है। यह कोई एलोपैथिक दवाई तो है नहीं कि जिस्म पर असर डालेगी। जीवन, कैरियर और सम्बन्धों में तनाव और अनिश्चितता बढ रही है तभी नौजवान खूब आकर्षित हो रहे हैं। उनके लिए ज्योतिष एक थैरेपी की तरह काम कर रहा है।

हमारे लिए राष्ट्रीय, शान बढाऊ खुशखबर यह है कि विदेशी ज्योतिषियों ने भी भारतीय ज्योतिषियों की तरह अपने शब्दों और जीभ को अवसर के मुताबिक हिलाना सीख लिया है। वे

**यह तो होता ही है कि सभी भविष्यवाणियां और सबकी भविष्यवाणियां सच नहीं होती। जब तक भविष्यवाणी सच न हो तब तक ज्योतिषी वीआईपी होता है। झूठ साबित हो जाए तो उसकी साख कुछ समय के लिए गिर जाती है।**

परिस्थितियों और घटनाओं का विश्लेषण करते हुए माथा देखकर तिलक करते हुए सुरक्षित व्यवसाय कर रहे हैं। देखने में आया है कि ज्योतिषी अलग अलग बातें कर रहे हैं जिनमें अवसरवादिता भी झलक रही है। प्रत्याशी के साथ ज्योतिषी को जोड़ा जा रहा है। ज्योतिष और राजनीति का हलवा आम जनता को बहुत स्वादिष्ट लगता है। खुशी की बात यह है कि वहां, यह सब कुछ, हमारे देश की तरह हो रहा है।

**- संतोष उत्सुक**

## राशिफल

**आश्विन कृष्ण पक्ष : एकादशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भाग्यवर्धक दिनों का निर्माण हो रहा है। यात्रा का योग बन रहा है। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य में सुधार।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बचकर पार करें। कोई रिस्क न लें। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम की स्थिति अच्छी है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में ध्यान दें। प्रेम-संतान मध्यम है। व्यापार ठीक है। शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा। लेकिन परेशानी भरा समय है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तूतू-मैंमैं से बचें। व्यापार अच्छा है। स्वास्थ्य अच्छा है। पीली वस्तु पास रखें।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
गृहकलह के संकेत हैं लेकिन भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान अच्छा रहेगा। व्यापार अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
धन आगमन दिख रहा है। कुटुंबों में वृद्धि। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
ओजस्वी-तेजस्वी बने रहेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान बहुत अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आय के नवीन सोर्स बनेंगे। पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। प्रेम-संतान, व्यापार बहुत अच्छा दिख रहा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान का साथ होगा। एक अच्छी स्थिति दिख रही है।




## योगी आदित्यनाथ के सुपर विजन में आयोजित यूपीआईटीएस हुआ सफल, चौथे दिन हुआ बड़ा कारोबार

# यूपी के हुनर ने जीता विदेशियों का दिल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दूसरे उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो (यूपीआईटीएस)-2024 के चौथे दिन लोगों की रिकॉर्ड तोड़ उपस्थिति दर्ज की गई, जो इसके पहले संस्करण के मुकाबले कहीं अधिक थी। इस कार्यक्रम में बी-2 बी खरीदारों की भारी संख्या ने इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश का दौरा किया। चौथा दिन व्यापार लेन-देन के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा, जहां अमेरिका, फ्रांस और जापान की कंपनियों द्वारा 100 करोड़ से अधिक के ऑर्डर दिए गए। ट्रेड शो में हुए बड़े सौदों में बिरला एयरकॉन और सोनी ने 50 करोड़ के ऑर्डर, मोंथरसन (निर्वाण) ने 25 करोड़, वाडीलाल आइसक्रीम ने 10 करोड़, और जैन शिकंजी ने 10 करोड़ के ऑर्डर प्राप्त किए।व्यापार शो को पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, के दौरे से जबरदस्त बढ़ावा मिला, जो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ राकेश सचान, कैबिनेट मंत्री, एमएसएमई, खादी और ग्रामोद्योग, रेशम उत्पादन, हस्तकरघा और वस्त्र, वियतनाम के भारत में राजदूत महामहिम गुयेन थान हाय, आलोक कुमार, प्रधान सचिव, एमएसएमई, और डॉ. राकेश कुमार, अध्यक्ष, आईईएमएल सहित अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## अमेरिका, फ्रांस और जापान की कंपनियों ने दिए 100 करोड़ से अधिक के ऑर्डर

## यूपीआईटीएस में चौथे दिन हुए बड़े सौदों ने खिलाए उधमियों के चेहरे



**पीएम मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार ने हमेशा व्यापार प्राथमिकता दी ह : पीयूष गोयल**

*केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उत्तर प्रदेश सरकार के व्यापार-अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार ने हमेशा व्यापार करने में आसानी को प्राथमिकता दी है, और मुझे गर्व है कि उत्तर प्रदेश इन सुधारों को अपनाने में सबसे आगे है। प्रक्रियाओं के सरलीकरण और एक मजबूत डिजिटल तंत्र के निर्माण ने उत्तर प्रदेश में व्यापार करना और अधिक आसान और कुशल बना दिया है। राज्य में बढ़ते निवेश, निर्यात और औद्योगिक उत्पादन इसके प्रमाण हैं। हम नवाचार में दुनिया में 39वें स्थान पर हैं।*

## उद्योग मंत्री ने कंपनियों के सर्वश्रेष्ठ स्टॉल प्रदर्शन पर किया पुरस्कृत

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने हॉल-1 और- 3 की 6 कंपनियों को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल प्रदर्शन पुरस्कार प्रदान किए और उद्योगों और उनके हितधारकों से बातचीत की। उन्होंने उन्हें ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और केंद्र से उनके व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सभी संभव मदद का आश्वासन दिया।

## अगला संस्करण 25-29 सितंबर 2025 को निर्धारित : राकेश सचान



राकेश सचान, कैबिनेट मंत्री, एमएसएमई, उत्तर प्रदेश, ने यूपीआईटीएस 2024 में भाग लेने वाले उद्यमियों, कारीगरों और व्यापार प्रतिनिधियों के समर्पण और उत्साह की सराहना की। उन्होंने उत्तर प्रदेश की नवाचार और उद्यमिता की असीमित संभावनाओं को उजागर किया। यूपीआईटीएस 2025 की ओर देखते हुए, सचान ने ट्रेड शो की सफलता के बाद घोषणा की कि अगला संस्करण 25-29 सितंबर 2025 के लिए निर्धारित किया गया है और इसमें और भी अधिक उद्योग, नवाचार और व्यापार अवसर शामिल होंगे।

उन्होंने पीयूष गोयल से इस व्यापार शो को और भी ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर समर्थन की भी मांग की, ताकि उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके।

आलोक कुमार, प्रधान सचिव, एमएसएमई ने सभा का स्वागत किया और जानकारी दी कि यूपीआईटीएस के दूसरे संस्करण को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों और आगंतुकों से भारी प्रतिक्रिया मिल रही है। कुल मिलाकर 450 अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों ने शो का दौरा किया और कई इ2इ बैठकें कीं।

उन्होंने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश में 95 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां पंजीकृत हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं।डॉ. राकेश कुमार, इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड के अध्यक्ष ने मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों, प्रतिभागियों और सभी का धन्यवाद किया, जिन्होंने शो में भाग लिया और इसे सफल बनाने के लिए अपने प्रयासों में सहयोग दिया।

## यह मंच 'मेक इन यूपी' के दृष्टिकोण का प्रमाण, राज्य को दिलाई वैश्विक पहचान : दुर्गा शंकर मिश्रा

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने भी शो का दौरा किया और यह देखकर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस बार पहले से कहीं अधिक प्रदर्शक, आगंतुक और खरीदार उपस्थित हुए और व्यवस्थाओं और प्रबंधन को काफी मजबूत किया गया था। उन्होंने कहा कि यह मंच मेक इन यूपी के दृष्टिकोण का प्रमाण है। इसने राज्य को वैश्विक पहचान दिलाई है।

## प्रदर्शनी बहुत ही प्रभावशाली : विदेशी बायर्स

अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों ने यूपीआईटीएस 2024 के प्रति अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। मिस्र के खरीदार खालिद खलील ने इस कार्यक्रम की विविधता की सराहना करते हुए कहा, प्रदर्शनी बहुत ही प्रभावशाली और अच्छी तरह से संगठित है। मुझे यहां विभिन्न क्षेत्रों के उत्पाद एक ही स्थान पर मिल सकते हैं। आयोजन की मेजबानी शानदार रही है और मैं यहां फिर से आने की उम्मीद करता हूँ।



## 'प्रदेश 2025 तक 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में सफल होगा'

उत्तर प्रदेश सरकार के माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज, खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज, हैंडलूम एंड टेक्सटाइल विभाग के मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश में आज जिस तरह का माहौल है, उससे निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 2017 में जहां केवल 88 हजार करोड़ का एक्सपोर्ट होता था, आज यह एक्सपोर्ट दोगुना से ज्यादा बढ़ चुका है। उन्होंने कहा आने वाले दो वर्षों में एक्सपोर्ट 3 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य सरकार ने रखा है। उन्होंने कहा यह एक्सपोर्ट एमएसएमई के साथ ही ओडीओपी के माध्यम से आ रहा है। माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हर स्तर पर प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। चाहे वह कानून व्यवस्था की बात हो, इंफ्रास्ट्रक्चर की बात हो, रेल कनेक्टिविटी की बात हो या फिर नए एयरपोर्ट की बात हो। उन्होंने कहा कि 2022 में प्रदेश सरकार ने विभिन्न सेक्टरों के लिए जो पॉलिसी बनाई हैं, निश्चित तौर पर उससे उद्यमियों को लाभ मिलेगा और उत्तर प्रदेश उद्यम प्रदेश बनने के साथ ही उत्तम प्रदेश बनेगा।

## भारतीय व्यापारियों के साथ, आईटी, साइबर सुरक्षा क्षेत्रों में बढ़ेगा व्यापार : जैक अलटल

इजराइल के खरीदार जैक अलटल ने कहा कि उन्हें भारतीय व्यापारियों के साथ, विशेष रूप से आईटी और साइबर सुरक्षा क्षेत्रों में, महत्वपूर्ण व्यापारिक संभावनाओं की उम्मीद है।उन्होंने शो में उत्पन्न व्यापारिक अवसरों के प्रति अपनी संतुष्टि व्यक्त की है। वही जेबीएम विश्वविद्यालय के चावी नारायण अरोड़ा ने अपने अनुभव को अद्भुत बताते हुए सरकार के उद्योगों, संगठनों और शैक्षिक संस्थानों के लिए आदर्श पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के प्रयासों की सराहना की। पीएनबी की प्रमुख प्रबंधक सोनिया मृग ने बताया, हम होम लोन, कार लोन और एमएसएमई प्रपोजल लोन के लिए लीड्स उत्पन्न कर रहे हैं। यहाँ काफी भीड़भाड़ है, और हमें यकीन है कि इससे हमें अपने व्यवसाय का विस्तार करने में मदद मिलेगी।

## शानदार लेजर शो के साथ के साथ हुआ समापन



पारंपरिक कलाकारों के प्रदर्शन से शो और सुंदर हुआ बाद मधवा बैंड द्वारा एक शानदार फ्यूजन प्रदर्शन हुआ, जिसमें रॉक संगीत को भगवान कृष्ण के भजनों के साथ मिलाया गया। कार्यक्रम का समापन एक शानदार लेजर शो के साथ हुआ, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।






**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

### जम्मू में बोले PM मोदी

# ये नया भारत है, घर में घुसकर मारता है

एजेंसी

जम्मू

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के अंतिम फेज के लिए शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू में एक रैली की। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस , नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के लोग 3 परिवारों कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी से थक चुके हैं। वे दोबारा वहीं व्यवस्था नहीं चाहते जिसमें नौकरियों में भ्रष्टाचार और भेदभाव हो। जम्मू-कश्मीर के लोग अब आतंकवाद, अलगाववाद और खून-खराबा नहीं चाहते। यहां के लोग शांति चाहते हैं, यहां के लोग अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य चाहते हैं और यही कारण है कि जम्मू-कश्मीर के लोग भाजपा सरकार चाहते हैं।

रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 28 सितंबर 2016 को आज की रात सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी। दुनिया को भारत ने बता दिया था कि ये नया भारत है। यह घर में घुसकर मारता है। आतंक के आकाओं को पता है कि अगर कुछ भी हिमाकत की तो मोदी तालाब से उन्हें खोज निकालेगा।



**"BJP सरकार ने गोली का जवाब गोले से दिया"**

पीएम मोदी ने कहा कि उस दौर को याद कीजिए, जब सीमा पार से आए दिन गोले बरसते थे। उधर से गोलियां चलती थीं और कांग्रेस वाले सफेद झंडा दिखाते थे। जब बीजेपी सरकार ने गोली का जवाब गोले से दिया तो उधर वालों के होश ठिकाने आ गए।

# 'बेटी को जैविक माता-पिता से जोड़ना एक मौलिक अधिकार'

एजेंसी

नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि अपनी पहचान को जैविक माता-पिता से जोड़ना एक मौलिक अधिकार है। न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा ने हाल ही में कहा कि यह सिर्फ एक कानूनी लड़ाई नहीं है, बल्कि एक व्यक्तिगत लड़ाई है। यह एक बेटी की अपनी जैविक मां की संतान के रूप में सही पहचान पाने की लड़ाई है और अंततः रिकॉर्ड स्थापित करने की लड़ाई, जिसे उसके जैविक पिता ने अपने पुनर्विवाह के बाद बदल दिया है।'

श्वेता ने अपनी पहचान को अपनी जैविक मां से जोड़ने की मांग की थी। उसने कहा कि उसकी सौतेली माँ का नाम दसवीं कक्षा की सीबीएसई परीक्षा का रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरते समय दर्ज किया गया था, लेकिन वह उस समय वह अपने जैविक पिता और सौतेली मां के साथ रह रही थी। मेरे पिता और मेरी जैविक मां के बीच तलाक हो गया था और वह उस समय बच्ची थी और अपने जैविक पिता और सौतेली मां के साथ रह रही थी। श्वेता ने जब अपनी




जैविक मां का नाम आधिकारिक रिकॉर्ड विशेष रूप से दसवीं कक्षा के प्रमाणपत्र में दर्ज करने के लिए सीबीएसई से संपर्क किया तो बोर्ड ने मौजूदा उपनियमों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि फॉर्म भरने के बाद उम्मीदवार के माता-पिता के नाम में संशोधन की अनुमति नहीं है।

न्यायाधीश ने कहा कि यह समझा जा सकता है कि वह कितनी दृढ़ता से महसूस करती है कि उसकी पहचान को दस्तावेजों या प्रमाण पत्रों पर भी शामिल किया जाना चाहिए। उसकी यह चाहत भारतीय संदर्भ में इतने मूल्यवान हैं कि उसे उस महिला की बेटी के नाम से जाना जाए जो उसे इस दुनिया में लेकर आई हैं। अदालत ने कहा, "इस तरह की अनोखी और व्यक्तिगत परिस्थिति में नियमों की कठोरता के परिणामस्वरूप उसे न्याय से अनुचित रूप से वंचित किया जाएगा।

# राहुल गांधी के राम मंदिर वाले बयान पर भड़की बीजेपी

एजेंसी

नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर दिए गए एक भाषण पर बीजेपी ने निशाना साधा है। राहुल गांधी ने हरियाणा के चुनावी प्रचार के दौरान अयोध्या के राम मंदिर में हुए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर कहा था कि अमिताभ बच्चन, अडानी-अंबानी को बुलाया, लेकिन एक भी मजदूर, किसान, बढ़ई को नहीं बुलाया। नाच-गाना चल रहा, डांस चल रहा। यही रियलिटी है। इस पर बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस को हिंदुओं का अपमान करने वाला बताया। राहुल गांधी और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए शहजाद पूनावाला ने कहा, "हिंदू आस्था पर करो चोट, ताकि मिले वोटबैंक का वोट। हिंदुओं का अपमान यही कांग्रेस की पहचान। इसी तर्ज पर कांग्रेस और राहुल गांधी लोगों का अपमान करते हैं। आज जब राहुल गांधी कहते हैं कि प्राण प्रतिष्ठा

### बताया हिंदुओं का अपमान



के समय नाच-गाना हो रहा था। राहुल गांधी वही व्यक्ति हैं, जिनकी पार्टी ने प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को नकारा था। यह वही पार्टी है जो हिंदू टेरर कहती है। इस पार्टी के सहयोगी सनातन समाप्त करने की बात कहते हैं। रामचरितमानस को गालियां बकते हैं और राम मंदिर को बेकार कहते हैं।"

इसके अलावा, राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने भी राहुल गांधी के बयान पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि उनकी (कांग्रेस की) नजर में यह नाटक है, लेकिन भक्तों की नजर में यह उनके भगवान की प्राण प्रतिष्ठा थी। इसीलिए राहुल गांधी ने इसे नाटक और नाच-गाना कहा...भगवान के लिए इस तरह के बयान देना उचित नहीं है। बता दें कि इस साल की शुरुआत में अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

# कांग्रेस ने जारी किया मेनिफेस्टो

### OPS बहाली, महिलाओं को 2 हजार रुपये देने के साथ वादों की लगाई झड़ी



चण्डीगढ़

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शनिवार को 40 पन्नों का घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इसे चंडीगढ़ में चुनाव ऑब्जर्वर अशोक गहलोत , प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने जारी किया। इस घोषणापत्र में कांग्रेस ने वादा किया है कि महिलाओं को हर महीने दो हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके साथ ही लोगों को 25 लाख रुपये तक फ्री इलाज का भी वादा किया है।

**OPS बहाली का किया वादा**

घोषणापत्र में कांग्रेस ने वादा किया कि 18 से 60 साल की महिलाओं के खाते में हर महीने 2 हजार रुपये आएंगे। महिलाओं को सरकारी नौकरी में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। वहीं सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम (OPS) को बहाल करने का वादा किया है।

**किसान आयोग का करेंगे गठन**

कांग्रेस ने घोषणा पत्र में कहा कि हरियाणा में किसान आयोग का गठन किया जाएगा। MSP की गारंटी के कानून बनाए जाएंगे। किसानों की सिंचाई के लिए एसवाईएल से पानी दिलाने का भी वादा किया है। साथ ही महिला किसानों को विशेष सुविधा देने का भी कांग्रेस ने घोषणा पत्र में वादा किया है।

**दिव्यांगों के लिए अलग बोर्ड बनाने की घोषणा**

दिव्यांगों के लिए प्रदेश में अलग बोर्ड बनाने का कांग्रेस ने वादा किया है और सरकारी नौकरी में दिव्यांगों को नौकरी देने का भी वादा किया है। गुरु गोविंद सिंह जी के नाम से कुरुक्षेत्र जिले में एक यूनिवर्सिटी बनाने की घोषणा की है। वहीं सिख समुदाय लोगों के लिए गुरुद्वारा सिख प्रबंधक कमेटी के चुनाव कराने की घोषणा की है।

# खरगे ने बेरोजगारी के मुद्दे पर PM मोदी को घेरा

एजेंसी

नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को रोजगार के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जबरदस्त हमला बोला है। खरगे ने कहा कि देश में बेरोजगारी से बड़ा कोई मुद्दा नहीं है। मोदी जी, याद रखिए भारत का एक-एक युवा जिसके रोजगार को आपकी सरकार ने छीनने का काम किया है, वो चुनाव दर चुनाव भाजपा को हराने का एकमात्र काम करेगा।

उन्होंने आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद यह सरकारी आंकड़ा युवाओं की लाचारी को छुपा नहीं पा रहा है। खरगे ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि बेरोज़गारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं है। युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने में मोदी जी का सबसे बड़ा योगदान है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे लिखा कि, नरेंद्र मोदी जी को बताना चाहिए-क्या 2023-24 में युवा बेरोज़गारी 10.2% के भयावह स्तर पर नहीं है?

### सिद्दारमैया मामले में भाजपा ने राहुल से पूछा सवाल



रंगबिरंगे नारे देने और फोटोबाजी करने के बजाय मोदी जी ने युवाओं को नौकरियां देने के लिए क्या किया? क्या ये सच नहीं है कि जिन महिलाओं के पास रेग्युलर सैलरी वाली नौकरी है उनकी संख्या अब 7 वर्षों में सबसे कम हो गई है? मात्र 15.9% पर? क्या गांव-देहात में बिना मेहनताने के मजदूरी करने वाली महिलाओं की संख्या 51.9% (2017-18) से बढ़कर अब 67.4% (2023-24) नहीं हुई है, जो ग्रामीण बेरोजगारी को दर्शाता है?

खरगे ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र पर रोजाना ढिंढोरा पीटने वाली मोदी सरकार ने इसमें पिछले 7 वर्षों में रोजगार में बढ़ोतरी क्यों नहीं की है? ये आँकड़ा 15.85% (2017-18) से लुढ़कर मात्र 11.4% (2023-24) कैसे रह गया? मोदी जी, याद रखिए, भारत का एक-एक युवा जिसके रोजगार को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है, वो चुनाव दर चुनाव भाजपा को हराने का एकमात्र काम करेगा।

वहीं दूसरी ओर बीजेपी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के मामले को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर सीधा हमला बोला है। भाजपा ने शनिवार को कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ भ्रष्टाचार सहित कई आपराधिक आरोपों में मामला दर्ज होने से कांग्रेस की पोल खुल गई है। भाजपा ने कहा कि प्राथमिकी अदालत के आदेश के बाद दर्ज की गई और इसमें केंद्रीय एजेंसियों की कोई भूमिका नहीं है।

# MCD चुनाव के खिलाफ सीएम आतिशी का बड़ा ऐलान

### लेंगी ये बड़ा एक्शन

एजेंसी

नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली नगर निगम में हुए चुनाव को पूरी तरीके से गैर-कानूनी बताया है। उन्होंने एमसीडी की स्थायी समिति के 18वें सदस्य के चुनाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है। सीएम ने शनिवार को कहा, "हम इस चुनाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेंगे।" उन्होंने कहा कि एमसीडी में शुक्रवार को भाजपा ने जो चुनाव कराया, वह गैरकानूनी है। एमसीडी का संचालन संसद द्वारा पारित 'दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957' के तहत किया जाता है।



**'यह लोकतंत्र और संविधान की हत्या है'**

इस कानून में साफ कहा गया है कि स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव कॉरपोरेशन की बैठक में होगा। उन्होंने आगे कहा, 'कॉरपोरेशन की बैठक की तारीख, स्थान और समय केवल और केवल मेयर तय कर सकती हैं।

## महालक्ष्मी हत्याकांड में नए खुलासे

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में महालक्ष्मी की नृशंस हत्या मामले की जांच कर रही पुलिस ने कुछ नए खुलासे किए हैं। महिला के शव को 59 टुकड़ों में काटने के बाद आरोपी मुक्ति रंजन रॉय ओडिशा के भद्रक तक कैसे पहुंचा, यह भी पता लगा लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुक्ति ने अपने दोनों छोटे भाइयों से इस हत्याकांड के बारे में बात की और उन्होंने उसे वहां से भागने में मदद की थी। छोटा भाई स्मृति रंजन बेंगलुरु के हेब्बागोडी में काम करता था, उसने मुक्ति को शहर छोड़ने के लिए दोपहिया वाहन दिया। दूसरा भाई सत्य रंजन रॉय बेहरामपुर में रहता था, जब आरोपी वहां पहुंचा तो उसने उसे 9 दिनों तक अपने यहां रुकने की व्यवस्था की।

# दिल्ली के वसंत कुंज में बुराड़ी जैसा कांड

एजेंसी

नई दिल्ली

दिल्ली के रंगपुरी इलाके में एक पिता ने अपनी चार बेटियों के साथ खुदकुशी कर ली। 50 वर्षीय हीरा लाल परिवार के साथ रंगपुरी इलाके में किराए के मकान में रहता था। उसकी चार बेटियां भी थीं, चारों बेटियां दिव्यांग थीं। दिव्यांग होने के कारण बेटियां कहीं भी जाने में असमर्थ थीं। पत्नी की मौत हो जाने के कारण बेटियों की देखरेख की जिम्मेदारी हीरा लाल के कंधों पर थी। आस पास के लोगों ने हीरा लाल के घर से बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो सभी के होश उड़ गए। घटना शुक्रवार को दिल्ली के रंगपुरी गांव की है, जहां एक शख्स ने

### 4 दिव्यांग बेटियों के साथ पिता ने किया सुसाइड



जहरीला पदार्थ खाकर अपनी चार बेटियों के साथ खुदकुशी कर ली। पुलिस ने सूचना मिलने पर फ्लैट का ताला तोड़कर शवों को निकाला। चारों बेटियां विकलांग होने की वजह से चलने-फिरने में असमर्थ थीं। डीसीपी रोहित मीना के मुताबिक वसंत कुंज साउथ पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है। 50 साल का हीरा लाल परिवार सहित रंगपुरी गांव स्थित किराए के मकान में रहता था। पत्नी की पहले मौत हो गई थी।

**हीरालाल और चार बेटियों ने खाया था 'मीठा जहर'!**

दिल्ली के वसंत कुंज के रंगपुरी इलाके में सामूहिक सुसाइड केस से हड़कंप मच गया है। जिन पांच लोगों की मौत हुई है उनमें एक शख्स और उसकी चार दिव्यांग बेटियां शामिल हैं। इस बीच मामले में एक नया वीडियो सामने आया है जिसमें शख्स एक नीले रंग की polythene लिए घर के अंदर जाता नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि पॉलेथिन में मिठाई का डिब्बा था और आशंका जताई जा रही है कि शख्स ने मिठाई में जहर मिलाकर बेटियों को खिलाई होगी जिससे उनकी मौत हो गई। यह सीसीटीवी फुटेज 24 सितंबर का बताया जा रहा है।

## अब काले रंग का हेलमेट ढूंढ़ेगी यूपी पुलिस

एजेंसी

लखनऊ

भैंस, कुत्ता, बकरी ढूंढ़ने को लेकर प्रचलित यूपी पुलिस अब काले रंग का हेलमेट ढूंढ़ेगी। दरअसल लखनऊ के हजरतगंज कोतवाली में एक वकील ने अपने काले रंग के हेलमेट के चोरी की शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने वकील की बात को गंभीरता से नहीं लिया और रिपोर्ट लिखने के बजाए उसे टरका दिया। इसके बाद वकील ने कोर्ट की शरण ले ली। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस को एफआईआर दर्ज करनी पड़ी। अब पुलिस को वकील के चोरी हुए हेलमेट को ढूंढ़ना पड़ेगा।

लखनऊ के रहने वाले वकील प्रेम प्रकाश ने बताया कि वह वृंदावन कालोनी में रहते हैं। 17 अगस्त को दोपहर करीब ढाई बजे वह जीपीओ हजरतगंज में एक नोटिस पोस्ट करने गए थे। इस बीच किसी ने उनका हेलमेट चोरी कर लिया। अटल चौक चौकी पहुंचे तो दारोगा राहुल सिंह ने दो सिपाही भेजे। सीसी फुटेज में दो युवक हेलमेट ले जाते दिखे। थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे तो दारोगा ने टालमटोल करके लौटा दिया। फिर अगले दिन बुलाया पर मुकदमा नहीं दर्ज किया। इसके बाद छुट्टी का हवाला देकर चले गए। मिलना बंद कर दिया। पुलिस आयुक्त को मेल पर शिकायत की। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। हेलमेट चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए दरोगा राहुल सिंह 14 दिन से दौड़ा रहे थे। इसके बाद वकील ने यूपी कॉप एप पर आनलाइन शिकायत दर्ज कराई।

# हिजबुल्लाह के साथ खड़े हों मुसलमान

एजेंसी

नई दिल्ली

### नसरल्लाह की मौत के बाद खामेनेई की अपील

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने मुसलमानों के एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने शनिवार को मुसलमानों से गुहार लगाई कि वे लेबनान के लोगों और हिजबुल्लाह के साथ खड़े हों। साथ ही, इजरायल की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि दुष्ट शासन का मुकाबला करने में उनकी सहायता करें। खामेनेई का यह बयान इजरायली हमले में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद आया है। उन्होंने अपने बयान में कहा, 'इस इलाके का भाग्य प्रतिरोध की ताकतों की ओर से तय किया जाएगा, जिसमें हिजबुल्लाह सबसे आगे रहेगा।'

अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजरायल का जिक्र करते हुए कहा कि ज़ायोनी अपराधी हिजबुल्लाह को नुकसान पहुंचाने के लिए बहुत छोटे हैं। एक्स पर पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'ज़ायोनी अपराधियों को मालूम होना चाहिए कि वे लेबनान में हिजबुल्लाह की मजबूत संरचना को नुकसान पहुंचाने के लिए बहुत छोटे हैं। यहां की सभी प्रतिरोध ताकतें हिजबुल्लाह के साथ खड़ी हैं और उसके समर्थन में हैं।' इजरायली सेना को चेतावनी देते हुए खामेनेई ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सामूहिक हत्या प्रतिरोध की मजबूत संरचना को



प्रभावित नहीं कर सकती और न ही इसे नष्ट किया जा सकता है।

**खामनेई ने याद दिलाई हिजबुल्लाह की पावर**

ईरान के सर्वोच्च नेता ने एक्स पर एक के बाद एक कई सारे पोस्ट किए हैं। ऐसे ही एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'लेबनान के लोग यह नहीं भूले हैं कि एक समय था जब कब्जे वाले शासन के सैनिक बेरूत की ओर बढ़ रहे थे।

**हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह मारा गया**

इजरायल ने शनिवार को दावा किया कि बेरूत पर इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह को मारा गया है। इजरायल रक्षा बल (IDF) ने बयान जारी कर कहा, 'शुक्रवार को इजरायल के हवाई हमले में हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन के नेता और इसके संस्थापकों में से एक हसन नसरल्लाह मारा गया।

# हर महीने की 18 तारीख को "राष्ट्रीय बीपी स्क्रीनिंग दिवस"

**नई दिल्ली।** हृदय रोग के प्रबंधन में अग्रणी ग्लेनमार्क ने गेटवे ऑफ इंडिया पर उच्च रक्तचाप जागरूकता अभियान"टेक चार्ज @ 18" की शुरुआत की। यह पहल, 18 साल की उम्र से ही रक्तचाप की निगरानी के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने पर केंद्रित है। एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया ने हर महीने की 18 तारीख को "टेक चार्ज ऐट 18 (18 साल की उम्र में अपना ज़िम्मा लें)-बीपी स्क्रीनिंग दिवस"के रूप में मनाने की घोषणा की है जिसके तहत 18 साल और इससे अधिक उम्र के सभी लोगों के लिए ब्लड प्रेशर की



नियमित जांच को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह गठजोड़ ग्लेनमार्क और एपीआई की हाइपरटेंशन के बारे में जागरूकता और निदान के बारे में जानकारी बढ़ाने के संबंध में उल्लेखनीय प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है। इस अभियान का उदघाटन 2 घंटे के 3डी वीडियो प्रोजेक्शन के साथ हुआ, जिसमें शुरुआती दौर में ही रक्तचाप निगरानी के महत्वपूर्ण महत्व को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। यह नवोन्मेषी डिस्प्ले एक शक्तिशाली माध्यम की भूमिका अदा करता है, जो अपनी ओर से पहल करने के लिए प्रेरित करता है और हाइपरटेंशन के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को शिक्षित करने के अभियान के प्रति प्रतिबद्धता को और दृढ़ करता है। इस प्रभावशाली कार्यक्रम को लाइव-स्ट्रीम किया गया, जिसे विभिन्न प्लेटफार्मों के ज़रिये 100,000 से अधिक स्वास्थ्य पेशेवरों ने देखा।

## रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति स्थापित करने के विरोध में मुसलमान



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के सदर बाजार स्थित शाही ईदगाह के पास रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति स्थापित करने को लेकर घमासान मचा हुआ है। मुस्लिम समाज यहां मूर्ति स्थापित किए जाने से नाराज है। भारी सुरक्षा व्यवस्था में शनिवार को एक बार फिर यहां मूर्ति स्थापित करने के लिए काम शुरू कर दिया गया। गुरुवार शाम यहां भीड़ के उग्र होने के बाद शुक्रवार को काम रोक दिया गया था। आखिर क्यों यहां मूर्ति लगाई जा रही है, मुस्लिम समाज को क्यों आपत्ति है, आइए आपको पूरी बात बताते हैं।

**विरोध करने पहुंची भीड़**

गुरुवार शाम को ईदगाह के पास लगे पुलिस बैरिकेड को बड़ी संख्या में लोगों ने तोड़ दिया। सुरक्षाकर्मियों से धक्का मुक्की भी की। इस दौरान पुलिस ने लोगों से शांत रहने और अपने-अपने घरों को जाने के लिए कहा, लेकिन कोई नहीं माना। बड़ी मुश्किल से भीड़ तितर-बितर हुई। फिलहाल स्थानीय अमन कमेटी की बैठक से माहौल सामान्य रखने की कोशिश जारी है।

# 'RSS वालों पर दया आती है, अब सिर्फ दरियां बिछाते हैं'

### केजरीवाल का पीएम मोदी पर जोरदार हमला

एजेंसी

पटना

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जोरदार हमला बोला है। केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में कई लोग ऐसे है जिनको प्रचारक कहते है। इन लोगों अपनी पूरी जिंदगी आरएसएस को समर्पित कर दी। जब वे घर-घर जाते होंगे तो क्या कहते होंगे। कैसे जनता का सामना करते होंगे। जिस आदमी पर प्रधानमंत्री मोदी ने दो दिन पहले 70 हजार करोड़ के घोटाले आरोप लगाया। सभी बीजेपी



और आरएसएस लोगों ने सोशल मीडिया पर इसका खूब प्रचार प्रसार किया। पांच दिन बाद में पीएम मोदी ने उस आदमी को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया। केजरीवाल ने आगे कहा कि मैं पूछना चाहता हूं आरएसएस और बीजेपी वालों से, जब आप अपनी घर और मोहल्ले में जाएंगे तो क्या कहेंगे। पूर्व सीएम केजरीवाल ने आगे कहा कि मुझे आरएसएस वालों पर ज्यादा दया आती है। उन्होंने पूरी जिंदगी RSS को दे दी लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिलती। दूसरी पार्टी छोड़कर बीजेपी में आने वालों को चुनाव के लिए टिकट दिया जाता है। आरएसएस वाले अब सिर्फ दरियां बिछाते हैं, कभी BJP के लिए, कभी NCP और शिवसेना से आए नेताओं के लिए तो कभी किसी नेता के लिए। केजरीवाल ने आगे कहा कि इसके अलावा इन्होंने कई सरकारों की चोरी की है। सरकारों को गिराया, उनको उखाड़कर फैकने का काम किया। मार्च 2016 से मार्च 2024 तक प्रधानमंत्री मोदी ने 13 राज्य सरकारों को 15 बार गिराने की कोशिश की और 10 सरकारों को गिराने में कामयाब हो गए। ये सरकारों की चोरी है।

# डोनाल्ड ट्रंप ने किया बड़ा ऐलान

### रुकवाएंगे रूस-यूक्रेन युद्ध

**नई दिल्ली।** ग्लोबल लीडर कोल्ड वार 'पहले मैं-पहले मैं' में बदलती नजर आ रही है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के पीएम मोदी से पहले खुद को लोगों के दिमाग में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने ट्रंप टॉवर में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की, जिसमें उन्होंने यूक्रेन-रूस जंग मामला जल्द सुलझाने के प्रति आश्वासन दिया। ट्रंप ने कहा कि उनका पुतिन के साथ भी अच्छा रिश्ता था। जेलेंस्की ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों का विचार साझा है कि युद्ध खत्म होना



चाहिए और यूक्रेन को हार नहीं मानना चाहिए। अहम बात है कि यह बैठक उस समय हुई है जब चिंता व्यक्त की जा रही है कि डोनाल्ड ट्रंप की जीत से यूएस की सैन्य सहायता पर खतरा मंडरा सकता है। जेलेंस्की ने बैठक को "बहुत उत्पादक" बताते हुए यूक्रेन की जीत की योजना के विवरण शेयर किए। हालांकि, ट्रंप ने अपनी चुनावी प्रचार के दौरान जेलेंस्की की आलोचना की, यह सवाल उठाते हुए कि क्या वह युद्ध समाप्त कर सकते हैं।

# बारिश ने डाली खलल, केवल 35 ओवर का हो सका खेल

कानपुर टेस्ट पहला दिन



एजेंसी

**कानपुर।** भारत और बांग्लादेश के बीच यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन बारिश के कारण जल्दी खत्म कर दिया गया। पहले दिन केवल 35 ओवर और 166 मिनट का खेल हो सका।

पहले दिन का खेल समाप्त होने पर बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 3 विकेट पर 107 रन बना लिए हैं। मोमिनुल हक 40 और मुश्फिकुर रहीम 6 रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले कल रात भर हुई बारिश के कारण आज सुबह टॉस होने में देरी हुई और मैच लगभग 1 घंटे देर से शुरू हुआ। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बादल छाए रहने के बावजूद बांग्लादेश ने सुबह का सत्र ठीक-ठाक खेला। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (28*) और मोमिनुल हक (17*) ने मुश्किल परिस्थितियों में 45 रनों की अटूट साझेदारी कर बांग्लादेश को थोड़ी राहत दिलाई। हालांकि पिच पर घास थी, लेकिन काली मिट्टी की वजह से उछाल कम था और सतह धीमी थी। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने नई गेंद स्विंग कराया। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम और जाकिर हसन कुछ मौकों पर आउट होने से बचे, लेकिन आकाश दीप के आने तक वे नई गेंद के खिलाफ पूरी तरह से आश्वस्त दिखे। भारत के नए तेज गेंदबाज ने एक बार फिर अपने पहले ओवर में ही कमाल कर दिया, जब उन्होंने जाकिर (00) को गली में यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। इसके तुरंत बाद, तेज गेंदबाज ने शादमान (24) को एलबीडब्लू आउट कर भारत को दोहरी सफलता दिलाई। इसके बाद मोमिनुल हक और कप्तान नजमुल हसन शांतों ने पारी को आगे बढ़ाया और तीसरे विकेट के लिए 51 रन जोड़े। 80 के कुल स्कोर पर अश्विन ने नजमुल को एलबीडब्ल्यू कर यह साझेदारी तोड़ी। नजमुल ने 31 रन बनाए। इसके बाद मोमिनुल और मुश्फिकुर ने बांग्लादेश की पारी को 100 के पर पहुंचाया। 35वें ओवर के बाद खराब रोशनी के कारण खेल को रोका गया और फिर जोरदार बारिश आ गई,इसके बाद खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया।

### डीआएस फैसलों पर हैरान दिखे रोहित

**कानपुर ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा यहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन लिए गये हो दो डीआएस फैसलों पर हैरान दिखे। इन दोनो में ही युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बांग्लादेश के दोनों सलामी बल्लेबाजों जाकिर हसन और शादमान इस्लाम को पेवेलियन भेज दिया। रोहित उस अचंभे में पड़ गये जब आकाश दीप ने शादमान को 24 रन पर एलबीडब्यू की अपील करते हुए डीआरएस लेने के लिए कहा जिससे बाद रोहित ने इसे मान लिया। रोहित ने मैदानी अंपायर के फैसले की समीक्षा करने का फैसला किया। जिसके बाद शादमान को आउट करार दिया गया। इसके बाद रोहित के चेहरे पर राहत देखी गयी। वहीं रोहित बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शांतो द्वारा विवादास्पद समीक्षा से बचने के बाद निराश दिखे। सिराज ने गेंद फेंकी जो लेग स्टंप के बाहर पिच हुई पर तेजी से पीछे हट गई, शांतो के अंदरूनी किनारे को छूते हुए उनके पैड पर जा लगी। जब ऑन-फील्ड अंपायर ने एलबीडब्ल्यू अपील को अस्वीकार कर दिया, तो रोहित ने समीक्षा का विकल्प चुना, इस उम्मीद में कि पहले जैसा ही परिणाम आएगा। हालांकि बॉल-ट्रैकर ने संकेत दिया कि गेंद स्टंप के ऊपर से निकल रही है जिससे रोहित रीप्ले देखते समय निराश नजर आये।

## खास खबर

### बांग्लादेश के प्रशंसक की हुई पिटाई

**कानपुर ।** भारत और बांग्लादेश के बीच यहां के ईडन गार्डन पर खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन एक बांग्लादेशी प्रशंसक से मारपीट का मामला सामने आया है। इस प्रशंसक को इस कारण अस्पताल ले जाना पड़ा। इस प्रशंसक के साथ मारपीट किसने की इसका अभी पता नहीं चला है। यह प्रशंसक खुद को सुपर फैन रॉबी बता रहा था और उसी की वेशभूषा में था। वहीं उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा कि ये प्रशंसक दर्द के कारण इस बात की सही जानकारी नहीं दे पाया है कि उसके साथ किसने मारपीट की। वहीं जो संकेत उसने दिये उममें कहा गया कि किसी ने झगड़े के दौरान उसके पेट में मुक्का मारा गया था।

अधिकारी ने कहा, ह्यवह जब स्टैंड से बाहर आया तब दर्द से कराह रहा था। वह बेहोश होने लगा था। उसे बैठने के लिए कुर्सी दी गई पर वह गिर गया। इसके बाद उसे स्टेडियम में ही प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की गई पर जब वह ठीक नहीं हुआ तो एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल भेजा गया। उन्होंने कहा, ह्यहमें नहीं पता कि उसे किसी ने मारा था या नहीं। प्रशंसकों पर नजर रखने के लिए उस स्टैंड में केवल एक कांस्टेबल रहता है और उसे भी इस बात की जानकारी नहीं है।

### तेज गेंदबाज जोश हल पाक दौरे से बाहर

**4 लंदन।** बाएं हाथ के इंग्लिश तेज गेंदबाज जोश हल चोट के कारण पाकिस्तान दौरे से बाहर हो गए हैं।20 वर्षीय हल को किआ ओवल में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में अपने पदार्पण के दौरान यह समस्या हुई। उस समय, ईसीबी को लगा कि उनके ठीक होने का समय है और उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर कर दिया गया। हालाँकि, चोट बरकरार रहने के कारण, गुरुवार को हल को पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला से बाहर करने का निर्णय लिया गया। इंग्लैंड ने किसी प्रतिस्थापन का फैसला नहीं किया है।दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच मुल्तान में 7 अक्टूबर से खेला जाएगा। 6 फीट 7 इंच की ऊंचाई वाले हल को श्रीलंका के खिलाफ एक टूर मैच में पांच विकेट लेने के बाद, एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में पहले टेस्ट में मार्क वुड की चोट के बाद टीम में शामिल किया गया था।प्रशिक्षण में बेहतरीन गेंदबाजी कर रहे हल पर मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम और गेंदबाजी सलाहकार जेम्स एंडरसन का ध्यान गया। जिसके बाद उन्हें द ओवल में इंग्लिश टीम में जगह मिली।द ओवल में उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पहली पारी में 53 रन देकर 3 विकेट लिए, लेकिन दूसरी पारी में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला, क्योंकि श्रीलंका ने 219 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड को गर्मियों की एकमात्र टेस्ट शिकस्त दी।

### 2025 विश्व चैंपियनशिप जीतना है लक्ष्य : नीरज

**सोनीपत।** ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा है कि वह अब पूरी तरह से फिट हो गये हैं और 2025 विश्व चैंपियनशिप में खेलने के लिए तैयार हैं। नीरज ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 टोक्यो विश्व चैम्पियनशिप के लिए पोडियम में जगह बनाना रहेगा। नीरज हाल ही में ब्रुसेल्स में हुए डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान रहे थे। नीरज ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के मिशन ओलंपिक 2036 पर आयोजित एक सम्मेलन में कहा, ह्यमेरा सत्र अब समाप्त हो गया है। मेरा अगले साल का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप जीतना है और हम इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर देंगे। विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक खेली जाएगी। चोपड़ा इस साल मांसपेशियों की चोट से परेशान रहे जिस कारण उन्हें ओलंपिक और डायमंड फाइनल में परेशानी का सामना करना पड़ा। चोपड़ा ने फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर कहा कि अभी वह अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्यमेरे लिए यह साल चोटों से भरा रहा है पर अब चोट अब ठीक है। मैं नये सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाउंगा।

## पांचवीं राज्य स्तरीय क्वान कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता संपन्न



एजेंसी

**इन्दौर।** खंडवा रोड स्थित अरिहंत कॉलेज में राज्य स्तरीय पांचवी क्वान कराटे की दो चैंपियनशिप प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें उज्जैन, इंदौर, देवास और ग्वालियर के कई छात्र खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों में कराटे के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। श्री माहेश्वरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 11वीं कक्षा के छात्र मास्टर उमर शेख ने अंडर 17 श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। तो वहीं 8वीं कक्षा के छात्र मास्टर मोहित शर्मा ने अंडर 14 श्रेणी में ब्राउन मेडल प्राप्त किया। विद्यालय के कराटे कोच अनिकेत डांगी ने छात्रों की मेहनत और लगन की सराहना करते कहा कि यह सफलता केवल इन छात्रों के प्रयासों का परिणाम नहीं, बल्कि विद्यालय के सभी छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती प्रतिभा कानूनगो और अध्यक्ष देवेंद्र बाहेती भी उपस्थित थे। उन्होंने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि उनकी इस सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। प्राचार्य ने बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि निरंतर अभ्यास और समर्पण से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस प्रतियोगिता ने युवा खिलाड़ियों के लिए एक सकारात्मक माहौल तैयार किया और उन्हें कराटे जैसे मार्शल आर्ट के प्रति और अधिक उत्साहित किया।

## श्रीलंका के मेंडिस ने बनाया नया रिकार्ड



एजेंसी

**गाले।** मेजबान श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में अच्छी शुरूआत करते हुए अपनी पहली पारी में 3 विकेट पर 306 रन बना लिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय दिनेश चांदीमल 116 और एंजलो मैथ्यूज नाबाद 78 रनों पर खेल रहे थे। इसके अलावा कामिंडु मेंडिस ने भी नाबाद नाबाद 51 रन बनाये। इस मैच में मेंडिस ने युवा अपने 50 रन पूरे करने के साथ ही एक नया विश्व रिकार्ड बना दिया। इसी के साथ ही मेंडिस दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने पदार्पण के बाद 8 टेस्ट मैच में 8 बार 50 से अधिक रन बनाए हैं। इस प्रकार उन्होंने पाकिस्तान के बल्लेबाज सऊद शकील के लगातार 7 टेस्ट में 50 से ज्यादा रनों के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया। वहीं इससे पहले सुनील गावस्कर, बेसिल बुचर, सईद अहमद और बर्ट सुटक्लिफ के नाम पदार्पण के बाद लगातार 6 टेस्ट मैचों में अर्धशतक लगाने का रहा था।

मेजबान श्रीलंका टीम की टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरूआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में उसके बल्लेबाज पुथम निसंका एक रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गये। इसके बाद दिनेश चांदीमल ने दिमुथ करुणारत्ने के साथ पारी संभाली और दूसरे विकेट के लिए 122 रन जोड़े। । 40वें ओवर में दिमुथ करुणारत्ने 46 रन बनाकर आउट हो गये। वहीं न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी और ग्लेन फिलिप्स ने एक-एक विकेट लिया।

## इस बार भारतीय महिला टीम जीत सकती है टी20 विश्व कप : लिसा




एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान लीसा स्थालेकर के अनुसार इस बार यूएई में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है। लीसाके अनुसार इस अगले माह होने वाले इस टूनार्मेंट मे भारतीय टीम की सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा और स्मृति मंधाना अहम भूमिका निभा सकती हैं। विश्वकप में भारतीय टीम को ग्रुप ए में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। लीसा के अनुसार मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम भी सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। वे मौजूदा चैंपियन हैं। इसके अलावा इंग्लैंड के भी अच्छे अवसर हैं। वहीं हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम इस बार पिछली गलतियों को ठीक कर सकती है। वे 2020 में फाइनलिस्ट थे और वे लंबे समय से सेमीफाइनलिस्ट हैं। मुझे लगता है कि उनके पास अब इसे बदलने का अवसर है। मुझे लगता है कि वे अच्छी शुरूआत के लिए अपने सलामी बल्लेबाजों पर निर्भर रहेंगे।

जैसे, अगर पूजा वस्त्रकर अगर फिट रह सकती है और वापसी की राह पर है, तो वह कई टीमों के लिए काफी मुश्किल साबित हो सकती है।

## मैक्सवेल वापसी के लिए खेलेंगे घरेलू क्रिकेट

**मेलबर्न ।** ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए अब विक्टोरिया की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलेंगे। मैक्सवेल अगले साल जनवरी और फरवरी में श्रीलंका दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में जगह हासिल करना चाहते हैं। मैक्सवेल ने हालांकि फरवरी 2023 के बाद से ही विक्टोरिया की ओर से कोई शेफील्ड शील्ड मैच नहीं खेला है। उन्होंने पिछले 5 साल में केवल दो ही प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। शेफील्ड शील्ड मुकाबले 8 अक्टूबर से शुरू होंगे। मैक्सवेल 2022 में श्रीलंका दौरे पर गयी टेस्ट टीम में शामिल थे। टीम को उम्मीद है कि वह गॉल में स्पिनरों के सहायक हालातों में प्रभावी हो सकते हैं। उन्होंने अपने सभी टेस्ट मैच उपमहाद्वीप में खेले हैं।

## रमित टंडन ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ किया करार




एजेंसी

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने भारत के शीर्ष स्क्वैश खिलाड़ी रमित टंडन के साथ अनुबंध किया है, जो वर्तमान में प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) रैंकिंग में विश्व स्तर पर 30वें स्थान पर हैं। इस करार के तहत, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स रमित को विश्व स्तरीय संसाधन और एक्सपोजर प्रदान करके आगे की सफलता हासिल करने में मदद करेगा।

रमित टंडन ने पीएसए टूर पर लगातार सफलता हासिल करते हुए अपने पेशेवर स्क्वैश करियर में महत्वपूर्ण प्रगति की है। कोलकाता के रमित ने कई पीएसए खिताब जीते हैं, जिसमें सिंगापुर स्क्वैश ओपन और सिएटल ओपन में जीत शामिल है। उनके दृढ़ संकल्प और समर्पण ने उन्हें लगातार विश्व स्तर पर शीर्ष स्टार स्क्वैश एथलीटों में रखा है।

जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ करार पर रमित ने कहा,ह्नजेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में शामिल होना एक ऐसे परिवार के घर आने जैसा लगता है जो उत्कृष्टता के लिए मेरे जुनून और दृढ़ संकल्प को साझा करता है। उनके समर्थन से, मुझे विश्वास है कि हम शीर्ष 30 रैंकिंग से आगे बढ़ सकते हैं और दुनिया में शीर्ष 10 पर अपनी नजरें जमा सकते हैं, क्योंकि चैंपियन बनाने का उनका ट्रैक रिकॉर्ड बहुत कुछ कहता है। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स की खेल उत्कृष्टता और स्काउटिंग प्रमुख मनीषा मल्होत्रा ने कहा,ह्नरमित के साथ अनुबंध करना जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स और भारतीय स्क्वैश के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उनकी प्रतिभा और हाल ही में दुनिया के शीर्ष 30 में शामिल होने से अपार संभावनाएं दिखती हैं। हम विश्व स्क्वैश के शीर्ष पर रमित की यात्रा का समर्थन करने के लिए उत्साहित हैं, हमारा मानना है कि यह खेल में भविष्य के भारतीय चैंपियनों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा। 2009 में पीएसए वर्ल्ड टूर में शामिल होने के बाद से, रमित भारत के शीर्ष स्क्वैश खिलाड़ियों में से एक बन गए हैं, जिन्होंने एसवाईएस ओपन, सिंगापुर स्क्वैश ओपन, अबू धाबी ओपन और सिएटल ओपन सहित कई खिताब जीते हैं। उनके लगातार प्रदर्शन ने उन्हें 2018-2019 सीजन के दौरान शीर्ष 50 में जगह दिलाई, जहां वह ई.एम. नोल क्लासिक में उपविजेता भी रहे और पिट्सबर्ग ओपन और क्वालिको मैनिटोबा ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे।

## टी20 विश्वकप में ट्रंप कार्ड हो सकती हैं दीप्ति : पूनम




एजेंसी

**नई दिल्ली।** महिला क्रिकेटर स्पिनर पूनम यादव ने कहा है कि आगामी टी20 विश्वकप क्रिकेट में भारतीय टीम एक बड़ी दावेदार के तौर पर उतरेगी। पूनम के अनुसार भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर इस टूनामेंट में हालात के अनुसार एक या दो स्पिनरों को शामिल कर सकती है। अगर ओस अधिक रही तो दो नहीं तो एक स्पिनर ही पर्याप्त रहेगा। इस स्पिनर ने कहा कि दीप्ति शर्मा और आशा शोभना दोनों को भी अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है पर दीप्ति अनुभवी होने के कारण ट्रंप कार्ड साबित हो सकती हैं। दीप्ति ने अब तक 117 मैचों की 75 पारियों में 104.29 की स्ट्राइक रेट से 1020 बनाने के साथ ही 27 131 विकेट भी लिए हैं। पूनम ने कहा कि यदि ओस अधिक रहती है तो हरमनप्रीत एक या दो स्पिनर रख सकती है। साथ ही कहा कि पिच के उछाल को देखते हुए तेज गेंदबाज भी अहम रहेंगे। इसके अलावा वह कलाई की स्पिनर शोभना पर भी भरोसा कर सकती हैं। कलाई के स्पिनर किसी भी प्रकार के ट्रैक पर गेंद को घुमा सकते हैं और उनकी गति आम तौर पर धीमी होती है। दीप्ति भारत के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। पिच कैसी भी हो तेज गेंदबाज अहम भूमिका निभाते हैं इसलिए उनको प्राथमिकता मिलेगी। भारतीय टीम आज तक विश्व कप नहीं जीत पायी है। साल 2022 में वह सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गयी थी।

## युवराज ने खोला छह छक्के लगाने का राज




एजेंसी

**नई दिल्ली ।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2007 के पहले ही मैच में इंग्लैंड के खिलाफ एक ही ओवर में छह छक्के लगाकर एक नया रिकार्ड बनाया था। उसी को लेकर युवराज ने माइकल वॉन और एडम गिलक्रिस्ट के साथ बातचीत में कहा कि उस दिन सभी गेंदें बल्ले के बीचों बीच आ रहीं थीं। उन्होंने तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में ये छक्के लगाये थे। उसी के साथ युवराज टी20 में एक ही ओवर में 6 छक्के लगाने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बने। युवराज ने कहा, यह पहला टी20 विश्व कप था और किसी को नहीं पता था कि टी20 खेल को कैसे खेला जाना चाहिए। यॉर्कशायर वह जगह थी जहां मैंने अपना पहला टी20 मैच खेला और इसी दौरान मुझे ये प्रारूप समझ में आया। उन्होंने यह भी कहा कि उस समय अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिया गया था। साथ ही कहा कि फ्लिंटॉफ के साथ हुई बहस के बाद उन्हें लगा कि 6 छक्के लगाकर जवाब देना चाहिये। उन्होंने कहा, फ्लिंटॉफ ने मुझसे कुछ बातें कहीं जिससे मुझे गुस्सा आ गया। तब मैंने अंपायर से कहा कि वह इसे शुरू कर रहे हैं और या तो उन्हें रुकना होगा या अंपायर को बीच में आना होगा। अंपायर ने इसपर अधिक ध्यान नहीं दिखा जिससे मेरा गुस्सा बढ़ गया। तब मैं हर गेंद को मैदान के बाहर मारना चाहता था, और ऐसा ही हुआ। तीसरे छक्के के बाद, मैंने ब्रॉड को लांग ऑफ पर मारा। इसके बाद गेंदबाज ने पैरों पर गें डालने का प्रयास किया। चौथी गेंद अच्छी थी, जो मेरे बल्ले के अंगूठे पर लगी, लेकिन बाउंड्री छोटी थी, इसलिए वह छक्का लग गया।

## ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास



एजेंसी

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने चोट के कारण कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के अंतिम सत्र के बीच में ही सभी तरह के क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

अगले महीने 41 साल के ब्रावो इतिहास में सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने पहले 2021 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था, और पिछले साल आईपीएल से दूर चले गए, क्योंकि उन्होंने कोचिंग में जाना शुरू कर दिया था - पिछले 12 महीनों में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स और अफगानिस्तान पुरुष टीम के साथ काम किया है।

अगले महीने 41 साल के ब्रावो इतिहास में सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने पहले 2021 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था, और पिछले साल आईपीएल से दूर चले गए, क्योंकि उन्होंने कोचिंग में जाना शुरू कर दिया था - पिछले 12 महीनों में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स और अफगानिस्तान पुरुष टीम के साथ काम किया है।

ब्रावो ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, मेरा दिमाग चलते रहना चाहता है, लेकिन मेरा शरीर अब दर्द, टूटन और तनाव को सहन नहीं कर सकता। मैं खुद को ऐसी स्थिति में नहीं रख सकता जहां मैं अपने साथियों, अपने प्रशंसकों या जिन टीमों का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं उन्हें निराश कर सकूं। इसलिए, भारी मन से, मैं आधिकारिक तौर पर खेल से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करता हूं। चैंपियन विदाई ले रहा है।ञ

18 साल के करियर में, ब्रावो ने टी20 क्रिकेट में काफी कुछ हासिल किया है, उन्होंने आईपीएल, पीएसएल और बिग बैश में खिताब जीते, साथ ही वेस्टइंडीज के साथ दो बार विश्व चैंपियन बने। उन्होंने 582 मैचों में इस प्रारूप में 631 विकेट हासिल किए हैं।

ब्रावो ने सीपीएल के मौजूदा संस्करण से पहले घोषणा की थी कि यह उनका आखिरी संस्करण होगा। वह यूएई के आईएलटी20 के तीसरे सीजन में खेलने वाले थे, जिसे एमआई अमीरात ने बरकरार रखा था, लेकिन मंगलवार को तरौबा में सेंट लूसिया किंग्स के खिलाफ खेलते हुए कमर में चोट लगने के बाद उन्होंने बाहर होने का फैसला किया।

ब्रावो सीपीएल इतिहास में सबसे सम्मानित खिलाड़ी थे, जिन्होंने कुल मिलाकर पांच खिताब जीते थे, जिसमें अकेले ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के साथ तीन खिताब शामिल हैं। उन्होंने 2021 में पैट्रियट्स को अपना पहला खिताब दिलाने से पहले 2017 और 2018 में टीकेआर को लगातार खिताब दिलाया था।




बीजिंग में इटली के जैक सिंनर पहले दौर के मैच में अंक मिलने पर उत्साहित दिखे।

# द्वादशी श्राद्ध के तर्पण से पितरों को मिलती है शांति

द्वादशी श्राद्ध, पितृ पक्ष के 12वें दिन किया जाता है। विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो अपने जीवनकाल में सन्यासी बन गए थे उनके लिए द्वादशी श्राद्ध का विशेष महत्व होता है। यह माना जाता है कि द्वादशी श्राद्ध करने से पितृ दोष दूर होता है और पितरों को शांति मिलती है। पितृ देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है और मन की शांति के साथ आत्मिक शांति प्राप्त होती है। जिन लोगों के परिवार में कोई व्यक्ति सन्यासी हुआ हो या जिस परिवार पर पितृ दोष हो उन्हें इस दिन श्राद्ध कर्म जरूर करना चाहिए। जो लोग अपने पितरों को शांति देना चाहते हैं वो भी ये श्राद्ध कर सकते हैं। पितृ पक्ष का समय अपने पूर्वजों को याद करने और उन्हें श्रद्धांजलि देने का होता है। द्वादशी तिथि को बहुत शुभ माना जाता है और इस दिन किए गए कार्य फलदायी होते हैं।



### श्राद्ध अनुष्ठान समय

द्वादशी तिथि सितम्बर 28, 2024 को 02:49 पी एम बजे से प्रारंभ हो रही है जो सितम्बर 29, 2024 को 04:47 पी एम बजे तक रहेगी। इस साल द्वादशी का श्राद्ध कर्म रविवार, सितम्बर 29 को ही किया जाएगा। आप तर्पण का समय भी जान लें। श्राद्ध कर्म कुतुप, रौहिण मुहूर्त में करना चाहिए या आप अपराह्न काल में भी कर सकते हैं।

**कुतुप मूहूर्त** - 11:47 ए एम से 12:35 पी एम
**अवधि** - 00 घण्टे 48 मिनट
**रौहिण मूहूर्त** - 12:35 पी एम से 01:23 पी एम
**अवधि** - 00 घण्टे 48 मिनट
**अपराह्न काल** - 01:23 पी एम से 03:46 पी एम
**अवधि** - 02 घण्टे 23 मिनट

### द्वादशी श्राद्ध करने की विधि

- तर्पण के लिए जल में मिश्री और तिल मिलाएं
- तर्पण करते समय पितरों का नाम लें
- तर्पण के लिए अंगूठे का इस्तेमाल करें
- तर्पण के लिए कुशा की जूड़ी का इस्तेमाल करें
- तर्पण के लिए पीपल के पेड़ के नीचे जूड़ी स्थापित करें
- तर्पण के लिए पूर्व दिशा में मुंह करें
- तर्पण के लिए कुतुप काल, रोहिण काल, या अपराह्न काल का समय चुनें
- तर्पण के लिए गंगाजल का इस्तेमाल करें
- तर्पण के बाद चंदन और तुलसी पत्र समर्पित करें
- तर्पण के बाद पितरों के निमित्त भागवत गीता के दसवें अध्याय का पाठ करें
- तर्पण के बाद दान-पुण्य करें
- तर्पण के बाद ब्राह्मणों को भोजन कराएं
- तर्पण के बाद कौआ, गाय, कुत्ता, और चीटियों को भोजन खिलाएं

# पितृ पक्ष के दौरान इन जगहों पर जलाएं दीपक...

सनातन धर्म में दीपक को बड़ा महत्व दिया जाता है। रोज घर में दीपक या जोत जलाना बेहद शुभ माना जाता है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। किसी भी धार्मिक अनुष्ठान में दीपक जरूर जलाया जाता है। पितृ पक्ष में 15 दिन पितरों को समर्पित होते हैं। पितृ पक्ष के दौरान पितरों को प्रसन्न करने के लिए रोज दीपक जलाना भी बहुत जरूरी होता है। ऐसा करने से वे खुश होकर अपने परिजनों को आशीर्वाद देते हैं और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। दरअसल, देवताओं के साथ-साथ पितरों का भी आशीर्वाद हमारे लिए बहुत जरूरी होता है। अगर आप अपने पितरों को प्रसन्न करना चाहते हैं तो आपको पितृ पक्ष के दिनों में रोजाना इन 4 स्थानों पर दीपक जरूर जलाना चाहिए।

आइए जानते हैं ये जगहें कौन सी हैं। पितृ पक्ष के दौरान रोजाना शाम को पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जरूर जलाना चाहिए। इस दीपक में काला तिल और सरसों का तेल होना चाहिए। मान्यता है कि पीपल के पेड़ पर देवी-देवताओं के साथ पितरों का भी वास होता है। इसलिए पितृ पक्ष के दौरान यहां दीपक जलाने से पूर्वजों का आशीर्वाद मिलता है। पितृ पक्ष में घर के मुख्य द्वार पर दीपक जलाना भी बहुत शुभ माना जाता है। इस स्थान पर शाम के समय दीपक जरूर जलाएं। इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा चली जाती है। साथ ही पितृ प्रसन्न होकर अपने परिजनों को सदैव सुखी और संपन्न रहने का आशीर्वाद देते हैं।



**पितरों की तस्वीर**

आपने घर में जिस स्थान पर अपने पितरों की तस्वीर लगाई है उसके सामने भी दीपक जलाना जरूरी होता है। पितृ पक्ष के दौरान इस उपाय को करने से आपके पितर कृपा बरसाते हैं और आपके घर में कभी अन्न और धन की कमी नहीं होती है।

**घर का ईशान कोण**

पितृ पक्ष के दौरान घर के ईशान कोण (उत्तर-पूर्व) में गाय के घी का दीपक जलाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। पूरे 15 दिनों तक इस उपाय को करने से आपके घर में सुख और सुविधाएं बढ़ने लगती हैं। साथ ही जीवन में सुकून भी बढ़ता है।

# वास्तु के इन उपायों से घर आएगी सुख-समृद्धि



हिंदू धर्म में जीवन के हर पहलू में वास्तु का बड़ा महत्व है। वास्तु के अनुसार, जीवन में किए गए छोटे-छोटे शुभ कार्यों से सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है और जातक का भाग्य चमकने लगता है। व्यक्ति को जीवन के हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। साथ ही जीवन सुख-सुविधाओं और खुशहाली में व्यतीत होता है। घर में सकारात्मक ऊर्जा और धन-संपन्नता के लिए वास्तु के कुछ उपाय बहुत लाभकारी माने जाते हैं। इन उपायों से जीवन की हर एक बाधा दूर की जा सकती है। चलिए जानते हैं।

**तुलसी के पौधे के पास दीपक जलाएं:** रोजाना तुलसी के पौधे पर जल चढ़ाने और शाम को दीपक जलाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है। धार्मिक मान्यता है कि इससे जातकों को जीवन में कभी भी धन की तंगी का सामना नहीं करना पड़ता है और जीवन सुख-सुविधाओं से भरपूर रहता है।

**कुबेर यंत्र स्थापित करें:** घर के उत्तर-पूर्व कोने में कुबेर यंत्र स्थापित करना बेहद मंगलकारी माना जाता है। वास्तु के मुताबिक, घर में कुबेर यंत्र होने से सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। लेकिन वास्तु के इन नियमों का पालन करने के साथ धन का प्रबंधन भी समझदारी से करें।

**गंगाजल छिड़के:** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, घर की दरिद्रता को दूर करने के लिए रोजाना घर के उत्तर-पूर्व कोने में गंगाजल का छिड़काव करना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से घर की सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और आर्थिक स्थित मजबूत होती है।

**तिजोरी रखने की दिशा:** धन-दौलत में बढ़ोत्तरी के लिए घर की अलमारी रखते समय वास्तु का खास ध्यान रखना चाहिए। घर के दक्षिण-पश्चिम दिशा में अलमारी या तिजोरी रखने से धन-संपदा में वृद्धि होती है और व्यक्ति आर्थिक रूप से सुखी और संपन्न रहता है।

# अरबी सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं सेहत के लिए भी फायदेमंद



जमीन के नीचे कई तरह की सब्जियां उगती हैं, उन्हीं में से एक है अरबी (Taro)। अरबी ना सिर्फ स्वादिष्ट होती है, बल्कि सेहत को भी कई तरह से फायदा पहुंचाती है। अरबी में मौजूद पोषक तत्वों की बात करें तो इसमें कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, फोलेट, विटामिंस, पोटैशियम, कैल्शियम, आयरन, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस की मात्रा भरपूर होती है। न्यूट्रिशनिस्ट लवनीत बत्रा ने अपने इंस्टाग्राम पर अरबी के फायदों को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। आइए जानते हैं अरबी खाने से सेहत (Arbi) को क्या-क्या लाभ होते हैं।

**अरबी ब्लड शुगर लेवल करे कंट्रोल-**

जब आप अरबी का सेवन करते हैं तो ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। अरब की सब्जी में स्टार्च भरपूर होता है। इसमें दो प्रकार के कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो रक्त शर्करा को मैनेज करने में फायदेमंद होते हैं। फाइबर और रेसिस्टेंट स्टार्च पाचन को धीमा करने में मदद करते हैं। इस प्रकार भोजन करने के बाद अधिक मात्रा में शुगर लेवल को बढ़ने से रोकता है।

**अरबी एंटी-कैंसर प्रॉपर्टीज से भरपूर-**

अरबी के सेवन से आप कई तरह के कैंसर से बचे रह सकते हैं। दरअसल, इसमें एंटी-कैंसर प्रॉपर्टीज होती हैं, जो कैंसर की कोशिकाओं को शरीर में डेवलप होने से रोकती हैं। इसमें प्लांट-बेस्ड कम्मपाउंड पॉलीफेनॉल्स होता है, जो कई तरह के सेहत लाभ देता है। इस तरह से यह कैंसर के होने के जोखिम को भी कम करता है। मुख्य पॉलीफेनॉल्स जो अरबी में पाया जाता है, वे है क्वेरसेटिन। ये शरीर को फ्री रैडिकल डैमेज से बचाते हैं। यह कैंसर के रिस्क को बढ़ाता है।



**अरबी पेट को रखे हेल्दी-**

अरबी की सब्जी खाने से पेट की सेहत दुरुस्त रहती है। अरबी में मौजूद फाइबर और रेसिस्टेंट स्टार्च पेट में मौजूद बैक्टीरिया द्वारा फर्मेंट होते हैं, ताकि शॉर्ट-चेन फैटी एसिड का निर्माण कर सकें। ये कोलोन कैंसर, इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज से आपको बचाए रख सकते हैं। ऐसे में हल्दी का सेवन करना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है।

**अरबी आंखों को रखे हेल्दी-**

अरबी में एंटीऑक्सीडेंच बीटा-कैरोटीन और क्रिप्टोजैनथिन होते हैं, जो आंखों की रोशनी को बढ़ाते हैं। यह आंखों की सेहत को बूस्ट करते हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट्स आंखों में मौजूद कोशिकाओं की उम्र को बढ़ने नहीं देते हैं, जिससे मोतियाबिंद और मैकुलर डिजनरेशन की समस्या से बचाव होता है। अरबी के नियमित सेवन से आंखों को लंबी उम्र तक स्वस्थ रख सकते हैं।

**ब्लड प्रेशर करे कंट्रोल, इम्यूनिटी हो मजबूत-**

यदि आपका रक्तचाप हाई रहता है तो आप अरबी का सेवन कर सकते हैं। इस सब्जी और इसके पत्तों में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। विटामिन सी और ई से भरपूर अरबी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है। इसे आप डाइट में शामिल करके हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल कर सकते हैं। साथ ही इम्यूनिटी को मजबूत बनाकर कई गंभीर रोगों और इंफेक्शन से बचे रह सकते हैं।

# आंखें खोलकर क्यों सोते हैं बच्चे ?

## ये हैं कारण और उपचार

एक नई मां के मन को उसके नवजात शिशु से जुड़े कई सवाल दिन-रात परेशान करते रहते हैं। यह सभी सवाल बच्चे के खाने पीने से लेकर स्लीपिंग पैटर्न तक से जुड़े हुए हो सकते हैं। लेकिन इन सवालों से हटकर कई बार बहुत सारी मांएं अपने बच्चे को लेकर यह शिकायत करती हैं कि उनका बच्चा अपनी आंख खोलकर सोता है। मेडिकल भाषा में इस समस्या को नोकटर्नल लैगोफथाल्मोस के नाम से जाना जाता है। आइए जानते हैं आखिर बच्चों के आंख खोलकर सोने के पीछे क्या है कारण, नुकसान और उसका सही उपचार।

आंख खोलकर सोने के कारण-
इस विषय पर हुए शोध की मानें तो बच्चों में खुली आंखों से सोने की आदत ज्यादातर उनके परिवार से आती है। अगर पेरेंट्स में से किसी एक को भी ये आदत है तो यह आदत बच्चे में भी आ जाती है। डॉक्टर्स की मानें तो कई बार चेहरे की कुछ नसों में दिक्कत होने पर भी बच्चों को ये परेशानी हो सकती है। लंबे समय से अगर आपका बच्चा इसी तरह सो रहा है तो डॉक्टर्स से सलाह जरुर लें। कई बार यूरोफेशियल सिंड्रोम का शिकार होने पर भी बच्चे में इस तरह की समस्या देखी जा सकती है। कई बार बेल्स पाल्सी के कारण भी बच्चों की आंखें खुली रहती हैं। इस स्थिति में चेहरे की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। जिसकी वजह से आंखों की पलकों को खोलने में दिक्कत महसूस हो सकती है।

**आंख खोलकर सोने से बच्चे को होने वाले नुकसान**

जो बच्चे आंख खोलकर सोते हैं उन्हें भविष्य में धुंधला दिखने



की समस्या हो सकती है। ऐसे बच्चों को साफ देखने में परेशानी महसूस हो सकती है। दूसरा, जो बच्चे आंख खोलकर सोते हैं उन्हें अपनी आंखों में थकान महसूस हो सकती है। जिसकी वजह से उनकी आंखें थकी हुई लग सकती हैं। आंखें खोलकर सोने से बच्चों को आंखों में तेज दर्द के साथ भारीपन भी महसूस हो सकता है। आंखें खोलकर सोने वाले बच्चों को गहरी नींद नहीं आती है, जिसकी वजह से वो ज्यादातर समय उलझन और चिड़चिड़ापन महसूस करते हैं। आंखे खोलकर सोने से बच्चों की आंखों को आराम नहीं मिल पाता और वो लाल हो सकती हैं।

**ऐसे रखें बच्चों का ख्याल**

आंख खोलकर सोते हुए बच्चों की पलकों को धीरे से बंद करने की कोशिश करें। आंखों को नमी देने के लिए कुछ आई ड्रॉप्स की मदद से भी यह समस्या दूर कर सकते हैं। 18 महीने तक बच्चों में ये समस्या आम रहती है जिससे बच्चे को कोई खतरा नहीं है। इस दौरान औसतन बच्चे इसी तरह सूकून की नींद सोते हैं। जन्म के अगले 18 महीनों के बाद भी अगर बच्चे इसी पैटर्न में सोते हैं तो उन्हें बच्चों के डॉक्टर के पास लेकर जाएं।

# निकले हुए पेट को वापस शेप में लाने के लिए रोजाना करें चतुरंग दंडासन



निकला हुआ पेट न सिर्फ आपकी पर्सनालिटी खराब करता है बल्कि आपके आत्मविश्वास को भी कम कर देता है। लोग अपनी बॉडी को टोन और शेप में रखने के लिए कई तरह के जतन करते हैं। कभी जिम में घंटों एक्सरसाइज तो कभी स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो करने लगते हैं। बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी रहती है। अगर आपकी भी यही समस्या है तो अपनी बॉडी को फ्लेक्सिबल बनाने के साथ शेप में वापस लौटाने के लिए रोजाना करें चतुरंग दंडासन।

**चतुरंग दंडासन करने का तरीका-**

चतुरंग दंडासन करने के लिए सबसे पहले योग मैट पर पेट के बल लेटकर भुजंगासन की तरह हाथों को जमीन पर रखें। अब पैरों की उंगलियों को जमीन की तरफ रखते हुए अपने शरीर का वजन उन उंगलियों पर ड़ाल दें। अब धीरे-धीरे दोनों घुटनों को ऊपर करते हुए सांस अंदर खींचते हुए हाथों पर वजन लाएं। आपके हाथ के ऊपरी हिस्से और हाथ के नीचे के हिस्से, दोनों के बीच में 90 डिग्री का कोण बनना चाहिए। इसके बाद बॉडी को फर्श के समांतर रखते हुए आधा मिनट इसी पोजीशन में बने रहने के बाद वापस पहली अवस्था में आ जाएं।

**चतुरंग दंडासन करने के फायदे-**

चतुरंग दंडासन को प्लैंक पोज के नाम से भी जाना जाता है। यह आसन पेट को मजबूत करने के लिए बेस्ट योग आसन माना जाता है। चतुरंग दंडासन के नियमित अभ्यास से एब्स टाइट होते हैं, जिससे पेट एकदम फिट लगता है। चतुरंग दंडासन को नियमित करने से मन शांत रहता है। यह हाथ की कलाई को भी मजबूत बनाए रखने में मदद करता है। चतुरंग दंडासन कंधे, पीठ और पैर की मांसपेशियों को मजबूत बनाकर पीठ और कंधे का दर्द कम करने में भी मदद करता है।

# जोड़ों के दर्द से मिलेगा आराम, डाइट में शामिल करें ये फूड



बढ़ती उम्र के साथ जोड़ों में दर्द वैसे तो आम बात है परंतु कई बार यह इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि व्यक्ति परेशान हो जाता है। पहले जहां सिर्फ बढ़ती उम्र में बुजुर्ग ही दर्द से परेशान होते थे आज कई युवा लोग भी दर्द से जुझते हैं। खाने-पीने में पोषक तत्वों की कमी, खराब लाइफस्टाइल, मोटापा और एक्सरसाइज न करने के कारण यह दर्द हो सकता है। इससे बचने के लिए सभी कई तरह की दवाईयों का सेवन करते हैं परंतु ज्यादा दवाईयां शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे में दर्द दूर करने के लिए आप डाइट में कुछ फूड्स शामिल कर सकते हैं। आइए जानते हैं...

**हरी पत्तेदार सब्जियां**

जोड़ों का दर्द दूर करने के लिए आप हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन कर सकते हैं। इनमें कैल्शियम, विटामिन-के और मैग्नीशियम जैसे कई सारे पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इसके अलावा यह जोड़ों में सूजन वाले एंजाइम को बनने से भी रोकती हैं जिससे जोड़ों में सूजन कम होती है। पालक, ब्रोकली, पत्तागोभी, केले का सेवन आप कर सकते हैं।

# गद्दे और तकियों को घर पर करें साफ

दिनभर की थकान के बाद अपने बिस्तर पर लेटने का आराम किसी फाइव स्टार होटल से भी बेहतर होता है। हम अपनी जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा बिस्तर पर बिताते हैं, इसलिए गद्दों और तकियों का गंदा होना आम बात है। हम चादरें तो बदल लेते हैं, लेकिन गद्दे और तकिए बदलना आसान नहीं होता। इनकी सफाई का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि गंदगी से हेल्थ पर असर पड़ सकता है। ड्राई क्लीनिंग महंगी होती है, इसलिए यहां कुछ आसान टिप्स दिए गए हैं, जिनसे आप घर पर ही गद्दे और तकियों की सफाई कर सकते हैं।



**धूप में सुखाएं**

गद्दे और तकियों को समय-समय पर धूप में रखें। धूप से इनमें मौजूद गंध और कीटाणु दूर हो जाते हैं।इसके लिए गद्दों और तकियों को बालकनी या छत पर रखें, जहां सीधे धूप आती हो। गद्दों को पलटते हुए धूप दिखाएं और बाद में एक छड़ी से झाड़ लें, ताकि धूल भी निकल जाए।



**वैक्यूम क्लीनर**

अगर धूप में रखना संभव नहीं है, तो वैक्यूम क्लीनर का उपयोग करें।इससे गद्दों में जमी धूल अच्छे से साफ हो जाएगी। गद्दों को खुली जगह में रखकर वैक्यूम करें और फिर पंखे की हवा में थोड़ी देर के लिए छोड़ दें।

**गद्दों पर लगे पीले दाग साफ करने के उपाय**

सबसे पहले गद्दे को वैक्यूम क्लीनर से साफ करें। दाग वाली जगह पर लिक्विड सोप और बेकिंग सोडे का पेस्ट बनाकर लगाएं और 10 मिनट के लिए छोड़ दें। पेस्ट को साफ कपड़े से हटाएं, लेकिन ध्यान रखें कि रगड़ना नहीं है, बल्कि हल्के से डैब करें। फिर एक साफ कपड़े को पानी में भिगोकर अच्छी तरह साफ करें, ताकि पेस्ट न रह जाए। गद्दों को धूप में सुखाएं। ऐसा करने से गद्दे और तकिए बिल्कुल साफ हो जाएंगे।

# सुबह उठकर पिएं तुलसी की चाय

हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को बहुत पवित्र माना जाता है और इसकी पूजा की जाती है। तुलसी का पौधा औषधीय गुणों से भरपूर है। इसमें विटामिन ए, सी, कैल्शियम, जिंक, आयरन, फाइबर जैसे तत्व होते हैं, साथ ही इसमें बैक्टीरियल, एंटी फंगल और एंटीमाइक्रोबियल गुण भी मौजूद होते हैं। तुलसी का धार्मिक तरह से तो कई महत्व हैं, लेकिन चाय के रूप में भी ये काफी फायदेमंद होती है। तुलसी की चाय में हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। अगर पर रेगूलर दूध वाली चाय छोड़कर तुलसी की चाय पीते हो तो आपको कई सारी स्वास्थ समस्याओं से राहत मिलेगी। आइए आपको बताते हैं इसके बारे में...
तुलसी की चाय पीने से सांस से जुड़ी समस्याओं में आराम मिलता है। फिर वो चाहे खांसी, जुकाम



हो या फिर अस्थमा। इसके साथ ही तुलसी की चाय इम्यूनिटी सिस्टम को भी मजबूत करती है। वहीं तुलसी के पत्तों में खास तरह का ऑयल होता है जो जुकाम की वजह से होने वाले जकड़न को भी खत्म करता है। कई सारी स्टडीज में खुलासा हुआ है कि तुलसी की चाय स्ट्रेस को दूर करने में मदद करती है। तुलसी की चाय कार्टिसोल हार्मोन स्ट्रेस को बढ़ावा देने में मदद करता है, इसलिए इसे स्ट्रेस हार्मोन भी कहते हैं। यहीं नहीं तुलसी की चाय पीने से स्ट्रेस फ्री होने के साथ ही डिप्रेशन और एंजायटी में भी राहत मिलती है।

अगर आपके बॉडी में ब्लड शुगर लेवल ऊपर-नीचे होता रहता है तो रोज दूध वाली चाय पीने की बजाय तुलसी की चाय पीना शुरू कर दें। ये शुगर को ब्लड में एनर्जी की तरह इस्तेमाल करने में मदद करती है।

अगर आप बैड breath और मसूड़ों में सूजन, दांतों में कैविटी जैसी समस्या से परेशान हैं तो तुलसी की चाय पिएं। ये मुंह के बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है, जिससे मुंह की बदबू दूर होती है।



# सोमी अली ने सोनू निगम पर लगाए चौंकाने वाले आरोप

सलमान खान की पूर्व प्रेमिका सोमी अली अपने बेबाक बयान के लिए जानी जाती हैं। सोमी अब तक कई चौंकाने वाले खुलासों से सुर्खियां बटोर चुकी हैं। इसी बीच उन्होंने गायक सोनू निगम पर कटाक्ष कर दिया है। सोमी ने वीडियो जारी कर सोनू पर उन्हें धोखा देने और उनका फायदा उठाने का आरोप लगाया है। हालांकि, उन्होंने वीडियो में गायक का नाम नहीं लिया, लेकिन कैप्शन में उन्हें टैग किया। दरअसल, अभिनेत्री सोमी अली ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है। इसमें उन्होंने सोनू निगम का नाम लिए बिना, लेकिन कैप्शन में उन्हें टैग करके काफी चौंकाने वाला दावा किया। सोमी ने लिखा, 'मैं उनकी बहुत इज्जत करती थी, लेकिन मुझे नहीं पता था कि वो मेरे साथ ऐसा करेंगे।' सोमी अली वीडियो में कहती नजर आईं, 'मैंने कुछ साल पहले एक टॉक शो शुरू किया था, जिसमें कुछ लोगों के इंटरव्यू लिए थे। इस शो में मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जो बहुत ही ज्ञान की बातें कर रहे थे। वो मेरे शो में उस वक्त आए थे, जब हमारे पास कोई बजट नहीं था। जिस वजह से मैं उनका बहुत सम्मान करती थी।' सोमी ने आगे बताया, 'हालांकि, लंदन में कोई प्रोजेक्ट पाने के लिए जब मैंने उनसे बात करने की कोशिश की, तो उन्होंने मुझे इग्नोर कर दिया।





# किराए के घर पर रह रही हैं विद्या बालन

विद्या बालन को इंडस्ट्री में काफी साल हो गए हैं। वहीं सिद्धार्थ रॉय कपूर के साथ उनकी शादी को भी कई साल हो गए हैं, लेकिन अब तक वह किराए के घर में रहती हैं। अब विद्या ने बताया कि वह अपना ड्रीम घर लेना चाहती हैं। विद्या ने बताया कि आखिर क्यों अपने खुद के रिजर्वेशन्स के बाद भी वह किराए के घर में रहती हैं। विद्या का कहना है कि परफेक्ट घर देखना सब किस्मत पर होता है।

विद्या ने कहा कि घर वही लेना है जिसमें आप चलो और आपको लगे कि यह आपका है। घर ढूंढने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में विद्या ने बताया जब 15 साल पहले मां के साथ घर ढूंढ रही थीं वह ऐसी जगह पर घर चाहती थीं जो बांद्रा या जुहू के पास हो। विद्या ने आगे कहा कि सर्च के दौरान उन्हें एक परफेक्ट घर मिला था, लेकिन वो बजट से बाहर था। हालांकि उनकी मां ने ईएमआई मैनेज करने को कहा था। वहीं सिद्धार्थ से शादी के बाद भी विद्या ने उनके साथ घर ढूंढना शुरू किया था। दोनों ने 25 घर देखे, लेकिन उन्हें समझ नहीं आया। आखिर में एक ऐसा घर दोनों को पसंद आया, लेकिन वो किराये का था - कुछ ऐसा जिसमें विद्या कम्फर्टेबल नहीं थीं। मैं हमेशा कहती थी कि मुझे रेंट के घर पर नहीं रहना है।

# पार्श्व गायक भाविन शास्त्री नवरात्र में बिखेरेंगे जलवा



इस वर्ष के नवरात्रि महोत्सव में प्रसिद्ध पार्श्व गायक भाविन शास्त्री शामिल होंगे, जो भक्ति और लोक संगीत की दुनिया में अत्यधिक प्रतिष्ठित गायक हैं। भाविन शास्त्री को गुजरात गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है और उन्होंने दुनिया भर में 4000 से अधिक प्रदर्शनों का प्रभावशाली रिकॉर्ड बनाया है।

पारंपरिक संगीत के प्रति उनकी प्रतिभा और जुनून उत्सव की भावना को बढ़ाएगा, जिससे सभी उपस्थित लोगों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव सुनिश्चित होगा। जीएम को 3 अक्टूबर से मीरा भाईंदर के एमबीएमसी ग्राउंड में आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित जीएम नवरात्रि महोत्सव 2024 की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह आयोजन संस्कृति, संगीत और परंपरा का एक शानदार उत्सव होने का वादा करता है, जो जीएम द्वारा इस जीवंत उत्सव की सफल मेजबानी का लगातार तीसरा वर्ष है। जीएम मॉड्यूलर के सीईओ और एमडी, जयंत जैन ने इस आयोजन के बारे में अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, लगातार दूसरे वर्ष नवरात्रि महोत्सव आयोजित करना जीएम के लिए गर्व का क्षण है। भारतीय संस्कृति का जश्न मनाने और समुदाय को एक साथ लाने की हमारी प्रतिबद्धता हर साल मजबूत होती जा रही है। इस वर्ष भाविन शास्त्री के सुर्खियों में आने से हमें विश्वास है कि यह अनुभव और भी यादगार होगा। जीएम नवरात्रि महोत्सव मीरा भाईंदर में एक बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम बन गया है, जो हर साल हजारों प्रतिभागियों को आकर्षित करता है। इस वर्ष का संस्करण जीवंत सजावट, पारंपरिक नृत्य प्रदर्शन और विभिन्न प्रकार के खाद्य स्टालों के साथ और भी भव्य पैमाने का वादा करता है, जो सभी उपस्थित लोगों के लिए एक पूर्ण उत्सव अनुभव सुनिश्चित करता है।



# आयुष्मान की इस फिल्म को बड़े स्टार्स ने कर दिया था रिजेक्ट

आयुष्मान खुराना बॉलीवुड के एक बेहतरीन एक्टर हैं। उन्हें फिल्मों में एक्टिंग के साथ-साथ उनके गाने के लिए भी जाना जाता है। साल 2012 में आयुष्मान खुराना की एक फिल्म आई थी। फिल्म में आयुष्मान खुराना के साथ यामी गौतम नजर आई थीं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया था। बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने वाली इस फिल्म को आयुष्मान खुराना से पहले कई बड़े स्टार्स को ऑफर किया था। हालांकि, किसी ने भी ये फिल्म करने के लिए हां नहीं

क्या आप पहचान पाए फिल्म का नाम? अगर नहीं, तो चलिए हम आपको इस फिल्म का नाम बताते हैं। यह फिल्म आयुष्मान खुराना की डेब्यू फिल्म थी। फिल्म का नाम था 'विक्की डोनर'। आयुष्मान खुराना ने इस फिल्म में एक स्पर्म डोनर का किरदार निभाया था। इस फिल्म के गाने और कहानी, दोनों ही लोगों को खूब पसंद आई थी।
हालांकि, मीडिया में उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, एक बार ...ल्म की राइटर जूही ने बताया था कि विक्की डोनर को लगभग सभी बड़े स्टार्स ने करने से मना कर दिया था। उन्होंने कहा था कि सभी बड़े कलाकारों में फिल्म में आयुष्मान खुराना के रोल को निभाने से मना कर दिया था जिसके बाद फिल्म में आयुष्मान खुराना को कास्ट किया था। वहीं, फिल्म की सफलता की बात करें, तो यह एक कम बजट की फिल्म थी। कुछ रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म का बजट बस लगभग 15 करोड़ था, लेकिन जब फिल्म रिलीज हुई तो फिल्म ने बजट से कुछ चार गुना ज्यादा कमाई की। दुनियाभर में फिल्म ने लगभग 66.32 करोड़ की कमाई की थी। इस फिल्म को जॉन अब्राहम ने प्रोड्यूस किया था। अगर आप इस फिल्म को देखना चाहते हैं तो यह फिल्म जियो सिनेमा और अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। इस फिल्म का गाना 'पानी दा रंग' आयुष्मान खुराना ने अपने दोस्त के साथ मिलकर कंपोज किया था। साथ ही, फिल्म में गाने को आवाज भी आयुष्मान खुराना ने ही दी है।




# 'बैलेरीना' का ट्रेलर हुआ जारी


जॉन विक की दुनिया के बारे में जानने की इच्छा रखने वाले दर्शकों के लिए एक खुशखबरी है। 'फ्रॉम द वर्ल्ड ऑफ जॉन विक: बैलेरीना' का पहला ट्रेलर सामने आ गया है। फिल्म में अभिनेत्री एना डी आर्मस मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही कीनू रीव्स 'जॉन विक' की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म अगले साल 2025 में 6 जून को रिलीज होगी। ट्रेलर लांच के साथ ही मेकर्स ने बताया है कि 'जॉन विक अध्याय 3' पैराबेलम बैलेरीना की घटना ईव मैकारो को ही अपना आदर्श मानती है, जो रुस्का रोमा में अपना प्रशिक्षण शुरू कर रही है।

ट्रेलर की बात करें तो अभिनेत्री एना डी आर्मस एक उभरता हुआ, छायादार, रहस्यमय लेकिन शक्तिशाली महिला किरदार हैं, जो न केवल बंदूक चलाना जानती हैं बल्कि सच की लड़ाई के लिए हर मुमकिन तरीके से लड़ना जानती हैं। इस ट्रेलर में जॉन विक ने ही एक नायक के तौर पर अभिनेत्री एना डी आर्मस को बंदूक चलाना, लड़ाई और कुश्ती करना सिखाया है। वह फिल्म में एक ऐसे नायक की भूमिका निभा रहे हैं, जो नायिका को लड़ना, दुख मनाना, बदला लेना और अपना पक्ष रखने के लिए लड़ना सिखाता है।

# फिर धमाल मचाने आ रही 'खोसला का घोसला'

अनुपम खेर और बोमन ईरानी की मुख्य भूमिकाओं वाली कल्ट क्लासिक फिल्म 'खोसला का घोसला' फिर से बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है। यह फिल्म मूल रूप से 2006 में रिलीज हुई थी और दिबाकर बनर्जी ने निर्देशन में अपनी पहली फिल्म बनाई थी। निर्माताओं ने अब अक्तूबर में फिल्म के सिनेमाघरों में वापसी की घोषणा की है।

'खोसला का घोसला' एक कॉमेडी फिल्म है, जिसने पिछले कुछ सालों में पंथ का दर्जा हासिल किया है। यह फिल्म अब 18 अक्तूबर को सिनेमाघरों में वापसी करेगी। फिल्म के प्रशंसक परिवार के साथ सिनेमाघरों में जाकर इस त्यौहार का जश्न मना सकते हैं। इस खबर के बाद से ही प्रशंसक बेहद खुश हैं। 'खोसला का घोसला' एक मध्यम वर्गीय व्यक्ति कमल किशोर खोसला की कहानी है, जिसकी जमीन पर एक ठग किशन कुराना यानी बोमन ईरानी द्वारा अभिनीत का कब्जा है। खोसला का बेटा चेरी यानी परवीन डबास अपने दोस्तों के साथ मिलकर उस बदमाश को बेवकूफ




बनाने और अपने पिता के अधिकार वापस पाने की योजना बनाता है। इसके बाद जो होता है, वह गलतियों और फिल्म की भरपूर कॉमेडी दर्शकों को खूब हंसाती है।





शादीशुदा एक्टर्स के साथ काम करने वाली एक्ट्रेसस से अफेयर के किस्से बॉलीवुड में आम रहे हैं। ऐसे ही एक एक्टर मिथुन चक्रवर्ती हैं जिनकी श्रीदेवी से गुपचुप शादी की खबर ने सबकों चौंका दिया था।


# श्रीदेवी से गुपचुप शादी पर मिथुन ने दिया था गोलमाल जवाब

मिथुन उस वक्त गीता बाली के पति थे। मिथुन का एक पुराना इंटरव्यू वायरल है जिसमें उनसे जब श्रीदेवी से शादी की खबर पर सवाल किया गया तो उन्होंने इसे गलत नहीं बताया बल्कि गोलमोल जवाब दिया था। 80 के दशक में गॉसिप मैगजीन्स के कॉलम में मिथुन और श्रीदेवी की शादी के खूब किस्से छप चुके हैं। रिपोर्ट्स हैं कि 1985 से 1988 तक मिथुन और श्रीदेवी शादी के बंधन में बंधे रहे थे। उस वक्त मिथुन पहले से ही योगिता बाली के पति थे। रेडिट पर एक क्लिप पोस्ट की गई है। इसमें मिथुन से पूछा गया, क्या आपने कभी किसी दूसरी औरत की तरफ नजर उठाकर देखा है? इस पर मिथुन ने जवाब दिया, 'मैं सभी औरत की तरफ नजर उठाकर देखता हूं लेकिन इच्छी नीयत से।' रिपोर्टर ने फिर सवाल किया, जो अखबारों में खबरें होती हैं उस पर क्या कहेंगे? इस पर मिथुन बोल, कुछ सच हैं, कुछ-कुछ गलत हैं। मिथुन बोले, मैं मोस्ट मैरीड बैचलर हूं। रिपोर्टर ने पूछा तो क्या श्रीदेवी वाली कहानियां सच हैं? इस पर मिथुन बोले, वो मुझे नहीं पता है।



# सैफ ने पुश्तैनी घर को 'पटौदी पैलेस' स्वामित्व वापस लिया

अभिनेता सैफ अली खान की फिल्म 'देवरा' 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म को लेकर सैफ काफी समय से चर्चा में बने हुए हैं। वहीं, अभिनेता ने जब से अपने पुश्तैनी घर, 'पटौदी पैलेस' का स्वामित्व वापस लिया है, तब से इसे म्यूजियम में बदलने की अटकलें भी तेज हो गईं। हालांकि, सैफ ने इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि उनके घर के लिए उनके दिल में एक बहुत ही खास जगह है।



अपने ऐतिहासिक घर 'पटौदी पैलेस' के महत्व के बारे में बात करते हुए, सैफ ने इंडिया टुडे से बातचीत में कहा, 'विरासत के लिहाज से, यह घर समय के साथ अलग-अलग लोगों का रहा है। मेरे पिता एक नवाब पैदा हुए थे, वह एक नवाब थे। उन्होंने अपनी शर्तों पर जीवन जिया और वह सबसे अद्भुत व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि समय बदल गया है और उन्होंने घर को एक होटल को किराए पर देने का फैसला किया। मुझे याद है कि मेरी दादी मुझसे कहती थीं, 'ऐसा कभी मत करना'। इसका इतिहास है और यह ऐसी चीज है जिस पर मुझे गर्व है।' अभिनेता ने आगे कहा, 'मेरे दादा-दादी को वहीं दफनाया गया है, मेरे पिता को भी वहीं दफनाया गया है। यह मेरा पारिवारिक घर है। यहां बहुत सारे पुराने घर हैं, हम उन्हें दरबार हॉल कहते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि यह नाम पुराना हो गया है। मैं इसे लॉर्ड्स के हॉल के नाम पर लॉन्ग रूम कहना चाहता हूं। इस घर को पटौदी के सातवें नवाब और मेरे पिता ने बनवाया था। मैं यहां उनके क्रिकेट के मैदान और बल्ले लगाना चाहता हूं और मैं वास्तव में इस घर को उनकी आत्मा के साथ फिर से बनाना चाहता हूं। यह मेरा सपना रहा है, और यह लगभग पूरा हो चुका है।'

# 'आयुष्मति गीता मैट्रिक पास' का ट्रेलर आउट

लड़कियों की शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर बात करती अपकमिंग फिल्म "आयुष्मति गीता मैट्रिक पास" का शानदार ट्रेलर पुणे के डीवाई पाटिल कॉलेज में भव्य रूप से लॉन्च किया गया। इस अवसर पर गेस्ट ऑफ ऑनर सुपर 30 के फाउंडर पद्मश्री आनंद कुमार भी मौजूद थे। इस विशेष कार्यक्रम में निर्देशक प्रदीप खेरवार, मुख्य अभिनेत्री कशिका कपूर, अनुज सैनी और अतुल श्रीवास्तव, निर्माता शानू सिंह राजपूत, संगीतकार सजींव आनंद झा भी उपस्थित रहे।




फ़िल्म का ट्रेलर जबरदस्त है। ट्रेलर की शुरुवात एक बेहद भावुक सवाद से होती हैं दुनिया सिर्फ दो हिस्सो में बटी हैं एक औरत और एक मर्द। ग्रामीण भारत में पली बढ़ी एक लड़की गीता फ़िल्म का केंद्रीय किरदार हैं गीता को एक लड़के से प्रेम हो जाता है मगर हर लव स्टोरी की तरह इस शादी में भी आती है बाधा। लड़की के पिता अपनी बेटी की शादी तब करने को कहते हैं जब तक कि वह मैट्रिक पास न कर ले। उस के पिता ने गांव में न केवल अपनी बेटी को स्कूल भेजने की पहल की, बल्कि उसने यह भी सुनिश्चित किया कि शिक्षा उसकी बेटी के जीवन का जरूरी हिस्सा हो। इसी क्रम में आगे कई मोड़ आते हैं और तेजी से बदलते घटनाक्रम दर्शकों की रुचि को कायम रखते हैं। 2 मिनट 53 सेकंड का ट्रेलर जब खत्म होता है तो इस संवाद के साथ मन मस्तिष्क पर गहरा असर छोड़ जाता है ?जब तक महिला को सशक्त नहीं बनाया जाएगा तब तक सशक्त भारत का निर्माण कैसे हो पाएगा?? फ़िल्म की कहानी आज के युवा और समाज की सोच को गहरे से महसूस करती है । फ़िल्म के युवा किरदार गीता और कुंदन इस कहानी को पर्दे पर शानदार तरीके से प्रस्तुत करते हैं। नवोदित अभिनेत्री कशिका कपूर ने इस फ़िल्म में गीता की शीर्षक भूमिका निभाई है। अनुज सैनी एक आदर्श पुरुष कुंदन के रोल में हैं।

# राम पढ़े हैं ITI, सीता माता ने की है बीकॉम, लक्ष्मण भी हैं ग्रेजुएट

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा समेत पूरे उत्तर भारत में इन दिनों भगवान श्रीराम के जीवन






रामलीला में श्रीराम, लक्ष्मण, सीता माता तथा रावण का किरदार निभाने वाले कलाकार।

तथा उनके आदर्श के चित्रण के लिए रामलीला के मंचन की तैयारियां चल रही हैं। अगर आपको पता चले कि राम ने आईटीआई की है और सीता माता ने बीकॉम तो आपको यह जानकर कैसा लगेगा। उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर में होने वाली एक अनोखी रामलीला में रामायण के चरित्रों को मंच पर प्रस्तुत करने वाले कलाकार अभिनय के साथ ही अपने-अपने क्षेत्र में काफी पढ़े-लिखे तथा सफल हैं। नोएडा में होने वाली इस अनोखी रामलीला में उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद शहर के अनुभवी कलाकार रामायण के पात्रों का अभिनय करेंगे।

## राम ने की है आईटीआई, लक्ष्मण रेलवे में टेक्निीशियन

उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर के सेक्टर-62 में श्रीराम मित्र मंडल रामलीला समिति द्वारा रामलीला का आयोजन किया जाएगा। श्रीराम मित्र मंडल रामलीला समिति पिछले कई वर्षों से नोएडा में दशहरे के मौके पर भव्य रामलीला का आयोजन करती है। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि सेक्टर-62,सी-ब्लाक स्थित रामलीला मैदान में श्रीराम मित्र मंडल नोएडा द्वारा आयोजित होनेवाली रामलीला में लीला मंचन का प्रस्तुतीकरण आवास विकास मुरादाबाद में कार्यरत संजीव कुमार निर्देशक के नेतृत्व में मुरादाबाद की अनुभवी लीला मंडली श्री जानकी कला मंच के पचपन कलाकारों के द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रामलीला में श्रीराम का अभिनय अनुज सक्सेना करेंगे,जिन्होंने आइटीआइ की पढ़ाई की है और अपनी मेडिकल








कंपनी चलाकर व्यापार करते हैं।रामलीला में अभिनय का इनका पंद्रह वर्षों का अनुभव है। श्रीलक्ष्मण का अभिनय रोहित सैनी करेंगे, जिन्होंने स्नातक की शिक्षा प्राप्त की है और भारतीय रेलवे में टेक्निशियन के पद पर कार्यरत हैं। इनका रामलीला में अभिनय का पंद्रह वर्षों का अनुभव है। माता सीता का अभिनय गाजियाबाद निवासी बी.कॉम. शिक्षित कोरियोग्राफर आकांक्षा करेंगी। श्री हनुमान का अभिनय स्नातक शिक्षित मुरादाबाद निवासी एस्ट्रोलॉजर यश पांडेय करेंगे।

## निगम पार्षद बनेंगे रावण

राम समिति के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि रामलीला में लंकाधिपति रावण का अभिनय स्नातकोत्तर शिक्षित मुरादाबाद के निगम पार्षद तुषार सिंह, कुम्भकरण का अभिनय काशीपुर उत्तराखंड निवासी मेडिकल स्टोर संचालक स्नातक शिक्षित संतोष आर्या,मेघनाद का अभिनय दिल्ली निवासी इंटरमीडिएट शिक्षित कोरियोग्राफर विशाल राजपूत,दशरथ का अभिनय स्नातक शिक्षित एडवरटाइजिंग का व्यापार करनेवाले संजय शर्मा,बाली का अभिनय इंटरमीडिएट शिक्षित छात्र दिनेश राजपूत,कौशल्या का अभिनय स्नातक शिक्षित गाजियाबाद निवासी अंजलि सिंह,सुमित्रा का अभिनय स्नातक शिक्षित नृत्य शिक्षिका रागिनी सिंह,कैकई का अभिनय गाजियाबाद निवासी स्नातक शिक्षित आईटी में कार्यरत कनिष्का शर्मा,शत्रुघ्न का अभिनय राजस्थान निवासी नेशनल इन्फॉर्मैटिक्स सेंटर में कार्यरत साइबर सिक्योरिटी इंजीनियर दीपक चौधरी,केवट का अभिनय स्नातक शिक्षित एस्ट्रोलॉजी विशेषज्ञ अनुज भारद्वाज करेंगे।

## 3 अक्टूबर को शुरू होगा श्रीरामलीला महोत्सव

समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग ने बताया कि गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ.महेश शर्मा और नोएडा विधानसभा क्षेत्र से विधायक पंकज सिंह के द्वारा 3 अक्टूबर को श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ने बताया कि 3 अक्टूबर को गणेश पूजन,नारद मोह और पृथ्वी पर राक्षसों का उत्पात इन प्रसंगों पर लीला का मंचन किया जाएगा। द्वितीय दिवस की लीला में 4 अक्टूबर को देवताओं द्वारा विष्णुजी से प्रार्थना,राम जन्म,भगवान शिव द्वारा राम लला के दर्शन,विश्वामित्रजी द्वारा राम और लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा हेतु दसरथ से माँग कर लाना, मारीच, सुबाहु, ताड़का वध,आदि प्रसंगों पर लीला मंचन किया जाएगा।तृतीय दिवस पाँच अक्टूबर को ऋषि विश्वामित्र के आश्रम में जनकदूत का आगमन,पुष्प वाटिका में राम सीता का प्रथम साक्षात्कार और गौर-गौरी पूजन के प्रसंगों पर लीला मंचन किया जाएगा।चतुर्थ दिवस छह अक्टूबर को राजा जनक द्वारा अतिथि राजाओं का स्वागत,राम द्वारा धनुष भंग, परशुराम क्रोध और वरमाला के प्रसंगों पर लीला मंचन किया जाएगा।

## 7 अक्टूबर को निकालेंगे शोभायात्रा

शोभायात्रा के संयोजक एस.एम.गुप्ता ने कहा कि पंचम दिवस 7 अक्टूबर को सेक्टर-20 के हनुमान मंदिर से दोपहर बाद 1 बजे श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली जायेगी। कई सेक्टरों और गाँवों से होते हुए शोभायात्रा शाम को रामलीला मैदान सेक्टर-62 स्थित रामलीला स्थल पहुंचेंगी। रामलीला मैदान में राजा जनक भगवान श्रीराम के बारात का स्वागत करेंगे।फिर राम बारात का उत्सव मनाया जायेगा। श्रीराम के अभिषेक की घोषणा होगी।मंथरा-कैकई संवाद और कैकई-दसरथ संवाद के प्रसंगों पर लीला मंचन किया जाएगा।समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बजरंगलाल गुप्ता ने बताया कि 6वें दिन 8 अक्टूबर को राम बनवास की आज्ञा, राम का वनगमन, भरत-कैकई संवाद, भरत-राम का मिलाप, राम का सीता की खोज में जाना आदि प्रसंगों पर लीला मंचन किया जाएगा। सप्तम दिवस के लीला मंचन में राम हनुमान जी का मिलन,राम-हनुमान संवाद,लंकादहन आदि प्रसंगों पर लीला मंचन किया जाएगा। आठवें दिन 10 अक्टूबर को रावण द्वारा विभीषण का त्याग, रामेश्वरम की स्थापना, रावण-अंगद संवाद,लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध, लक्ष्मण मूर्छा, हनुमान का संजीवनी लाना आदि प्रसंगों पर लीला मंचन किया जाएगा।नवम दिवस के लीला मंचन में 11 अक्टूबर को राम-कुंभकरण का युद्ध,कुंभकरण का राम के हाथों वध,लक्ष्मण द्वारा मेघनाद का वध,रावण-सुलोचना संवाद आदि प्रसंगों पर लीला का मंचन होगा।समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल एवं कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग ने बताया कि दशम दिवस 12 अक्टूबर को राम-रावण युद्ध,भगवान राम के हाथों रावण का अंत,रावण के अंत के उपलक्ष्य में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा तथा रावण,कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जायेगा।

## 13 अक्टूबर को होगा राज्याभिषेक

समिति के सहकोषाध्यक्ष अनिल गोयल ने बताया कि एकादश दिवस 13 अक्टूबर को राम जी का राज्याभिषेक होगा और भगवान राम के राज्याभिषेक के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा और डांडिया उत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों लोग भाग लेंगे। इसके साथ ही श्रीराम मित्र मंडल नोएडा द्वारा आयोजित 11 दिवसीय श्री रामलीला मंचन और श्री रामलीला महोत्सव का समापन हो जाएगा।



**नोएडा शहर को सुन्दर व स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से प्राधिकरण द्वारा नोएडा स्थित एवरग्रीन मार्केट सैक्टर-34 में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा 'नो-थू-थू' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आस-पास के लोगों को सड़कों पर ना थूकने और कचरा न फेकने के लिए जागरूक किया गया।**

# व्यापारियों को सुरक्षा के लिए दिए जाएं शस्त्र लाइसेंस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-27 स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर व्यापार बंधु मीटिंग का आयोजन जिलाधिकारी मनीष वर्मा के साथ किया गया। मीटिंग के दौरान व्यापारियों को हो रही विभिन्न परेशानियों से उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत करवाया। साथ ही 2 अक्टूबर को आयोजित पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम में जिलाधिकारी को मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।




व्यापारियों की समस्याओं से प्रदेशाध्यक्ष विकास जैन प्रदेश चेयरमैन नवनीत गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल व्यापारी नेता मनोज भाटी व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से चेयरमैन रामवतार सिंह ने जिलाधिकारी को अवगत करवाया।

**व्यापारियों की ये हैं समस्याएं**

1- एक ही बारिश के बाद नोएडा के सभी बाज़ारों की सड़कें टूट चुकी हैं। बड़े बड़े गड्ढे एक्सीडेंट का कारण बन रहे हैं। सेक्टर-49 को 48 से जोड़ने वाली सड़क सराय रोड बहुत बुरी स्थिति में है।

2- मोबाइल कंपनियो के मोबाइल सर्वेर बिलकुल डाउन है। कॉल ब्रेक हो रहे हैं, जबकि इन्होंने अपने प्लान भी बहुत ज़्यादा महंगे कर दिए हैं।

3- ट्रैफ़िक पुलिस व्यापारियों का बिलकुल बीच सहयोग नहीं कर रही है। पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के बावजूद भी भरपूर मात्रा में सड़क पर चालान काटे जा रहे हैं।

4- यदि नोएडा अथॉरिटी एलिवेटिड रोड का कार्य पूरा नहीं करवा सकती है तो इसके बारे में आम जनता को बताया जाए।

5- सेक्टर 82 रेड लाइट के पास खुले नालों से जनजीवन अस्त व्यस्त है। अधिकारियों द्वारा हर मीटिंग में इन्हें ठीक करने का आश्वासन दिया जाता है।

6- ओवरलोड ईट के ट्रैक्टर ट्रॉली रोड पर चल रहे हैं जिस वजह से हमेशा एक्सिडेंट होने का डर रहता है

7- स्वास्थ्य विभाग द्वारा अतिरिक्त बेड की व्यवस्था करवाई जाए क्योंकि इस समय डेंगू से सभी हॉस्पिटल भरे हुए हैं। डेंगू से बचाव के लिए शहर में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव या फॉगिंग करवाई जाए।

8-यूपीएसआईडीसी साइट- 4 पार्कों की बदहाली नाली जाम सड़के टूटी हुई एंक्रोचमेंट झुग्गिंया जरूरत से ज्यादा बना दी गई हैं जिसमें दुकान भी खुलना चालू हो गई हैं और लाइट की चोरी भी होती है जिनका हटाना बहुत जरूरी है इनमें गलत एलिमेंट्स भी आते हैं।

9- व्यापारियों को सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस प्राथमिकता के आधार पर दिए जाये।

10-नोएडा में चलने वाले थ्री व्हीलर मुंह मांगा किराया वसूली करते हैं। इनमें मीटर लगाया जाए।

जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया कि इन सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। किसी भी प्रकार की गलती बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड फेयर के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी मनीष वर्मा को बधाई दी।

